दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 28 दिसम्बर -2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 369 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










## 6 महीनों में 71 मामले, नाबालिग भी निशाने पर...
## बांग्लादेश में हिंदुओं पर 'ईशनिंदा' के नाम पर अत्याचार

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ ईशनिंदा के आरोपों को हथियार बनाकर की जा रही हिंसा ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूहों की चिंता बढ़ा दी है। 'ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटीज' की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, जून 2025 से दिसंबर 2025 के बीच हिंदुओं के खिलाफ ईशनिंदा के कम से कम 71 मामले दर्ज किए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार ये घटनाएं 30 से अधिक जिलों में हुई हैं, जिनमें रंगपुर, चांदपुर, चटगांव, दिनाजपुर, लालमोनिरहाट, सुनामगंज, खुलना, कोमिल्ला, गाजीपुर, टांगाइल और सिलहट प्रमुख हैं। मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि यह महज अलग-अलग घटनाएं नहीं, बल्कि हिंदू अल्पसंख्यकों की एक 'संरचनात्मक असुरक्षा' को उजागर करती हैं।




**दीपू दास केस सबसे भयावह घटना :** रिपोर्ट में सबसे भयावह घटना 18 दिसंबर 2025 की बताई गई है, जहां मयमनसिंह के भालुका में ईशनिंदा के आरोप में दीपू चंद्र दास (30) की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी और उसके बाद उनके शव को आग के हवाले कर दिया। इसके अलावा रिपोर्ट में 19 जून 2025 को बरिशाल के अगलझारा में तमाल बैद्य की गिरफ्तारी, 22 जून को चांदपुर के मतलाब में शांतों सूत्रधार के खिलाफ विरोध मार्च, 27 जुलाई 2025 को रंगपुर के बेटगारी यूनियन में 17 वर्षीय रंजन रॉय की गिरफ्तारी के बाद 22 हिंदू घरों में तोड़फोड़, 4 सितंबर 2024 को खुलना के सोनाडांगा में 15 वर्षीय उत्सव मंडल पर कथित तौर पर सुरक्षा बलों की मौजूदगी में हुई बर्बर पिटाई जैसे मामलों का उल्लेख किया गया है।

**रिपोर्ट के मुख्य बिंदु और आंकड़े :** हिंसा और आरोप किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं, बल्कि रंगपुर, चटगांव, खुलना और सिलहट समेत 30 से अधिक जिलों में फैल चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 90% आरोपी हिंदू हैं, जिनमें 15 से 17 साल के बच्चे भी शामिल हैं। रंगपुर में 17 वर्षीय रंजन रॉय की गिरफ्तारी के बाद भीड़ ने 22 हिंदू घरों में तोड़फोड़ की, जो दशार्ता है कि एक व्यक्ति पर आरोप का खामियाजा पूरे मोहल्ले को भुगतना पड़ रहा है।

अधिकांश मामले सोशल मीडिया पोस्ट से जुड़े हैं, जिनमें से कई आईडी हैक होने या फर्जी होने का दावा किया गया है। **सुनियोजित पैटर्न की ओर इशारा :** ईशनिंदा के आरोपों का असर शिक्षा पर भी पड़ा है।

नॉर्थ साउथ यूनिवर्सिटी और खुलना यूनिवर्सिटी समेत कई बड़े संस्थानों से हिंदू छात्रों को बिना किसी फॉरेंसिक जांच के निलंबित या निष्कासित कर दिया गया।

## सांसों में घुल रहा जहर : नोएडा-गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा प्रदूषण मामले में दिल्ली से भी आगे

**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की गति सुस्त और दिशा बदलने के कारण शनिवार को हवा गंभीर श्रेणी की दहलीज पर पहुंच गई। ऐसे में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 385 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें शुक्रवार की तुलना में 53 सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई।

**एनसीआर में नोएडा सबसे दूषित :** दूसरी ओर, एनसीआर में नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 409 दर्ज किया गया, यह हवा की गंभीर श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में 404, ग्रेटर नोएडा में 395 और गुरुग्राम में 299 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा, फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 249 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है।

### फरीदाबाद का एक्यूआई सबसे साफ





**वाहन से होने वाला प्रदूषण रहा सबसे अधिक :** दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, वाहन से होने वाला प्रदूषण 16.17 फीसदी रहा। इसके अलावा पेरिफेरल उद्योग से 8.42, आवासीय इलाकों से 4.04, निर्माण गतिविधियों से 1.46 और सड़क से उड़ने वाली धूल की 1.15 फीसदी की भागीदारी रही।

सीपीसीबी के अनुसार, शनिवार को हवा उत्तर दिशा से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे के गति से चली। वहीं, अनुमानित अधिकतम मिश्रण गहराई 900 मीटर रही। इसके अलावा, वेंटिलेशन इंडेक्स 4500 मीटर प्रति वर्ग सेकंड रहा।

**दो दिन ऐसे ही रहेंगे हालात :** दूसरी ओर, दोपहर तीन बजे हवा में पीएम10 की मात्रा 326.4 और पीएम2.5 की मात्रा 212 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई। वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूवार्नुमान है कि मंगलवार तक हवा इसी श्रेणी में बरकरार रहेगी। इसके चलते सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। साथ ही, लोगों को आंखों में जलन, खांसी, और सिर दर्द जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा, शनिवार को दिल्ली के कई इलाकों की हवा बेहद खराब और गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई।










# 'समान अवसर मिलने पर पुरुषों के बराबर या उनसे बेहतर प्रदर्शन करती हैं महिलाएं..', राजनाथ सिंह बोले



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि महिलाओं ने साबित कर दिया है कि जब उन्हें समान अवसर मिलता है, तो वे पुरुषों जितना अच्छा या उससे बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं। यह बात उन्होंने गुजरात के वलसाड जिले के धरमपुर में कही, जहां वह श्रीमद राजचंद्र सर्वमंगल महिला उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन करने पहुंचे थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि जैन संत श्रीमद राजचंद्र की विरासत सदियों तक लोगों का मार्गदर्शन करती रहेगी।

केंद्र का निर्माण 11 एकड़ में हुआ है और यह महिलाओं को कौशल विकास और आजीविका में मदद करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 में इसका शिलान्यास डिजिटल माध्यम से किया था।

> ग्रामीण महिलाएं ही पूरी तरह इस उत्कृष्टता केंद्र का संचालन करेंगी। यह महिला उद्यमिता को मजबूत करेगा। यह महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का उत्तम उदाहरण पेश करेगा।
>
> राजनाथ सिंह
> रक्षामंत्री, भारत सरकार

राजनाथ सिंह ने कहा कि कि यह केंद्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और आध्यात्मिक चिंतन का समय देने में मदद करेगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 'सेवा' की एला भट्ट और 'श्री महिला गृह उद्योग' की संस्थापक जसवंतीबेन पोपट ने समान अवसर मिलने पर पुरुषों की तरह या उनसे बेहतर प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाएं ही पूरी तरह इस उत्कृष्टता केंद्र का संचालन करेंगी। यह महिला उद्यमिता को मजबूत करेगा। यह महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का उत्तम उदाहरण पेश करेगा। उन्होंने कहा कि यह परिसर महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहा है। यहां के उत्पाद जब वैश्विक बाजार में जाएंगे, तो यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को प्रोत्साहित करेगा।

रक्षा मंत्री ने कहा, श्रीमद् राजचंद्रजी ने मात्र 34 वर्ष की आयु में ही देह त्याग दी। लेकिन अपने अल्प जीवन में ही श्रीमद् राजचंद्रजी ने जो विरासत छोड़ी है, वह सदियों तक हमारा मार्गदर्शन करती रहेगी। समय ने उनकी प्रासंगिकता को कम नहीं किया है बल्कि और बढ़ाया है।

# 'विदेश नीति एक पार्टी की नहीं, बल्कि पूरे देश की' थरूर के बयान पर सियासत; भाजपा बोली- राहुल को...





**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर के एक बयान को लेकर एक बार फिर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने थरूर के बयान का समर्थन करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला है। शहजाद पूनावाला ने कहा कि शशि थरूर ने एक बार फिर हिम्मत दिखाते हुए राहुल गांधी को आईना दिखाया है। उन्होंने कहा कि विदेश नीति किसी एक पार्टी की नहीं, बल्कि पूरे देश की होती है और थरूर ने यह बात बिल्कुल सही कही है।

**- विदेश नीति किसी एक पार्टी की नहीं, बल्कि पूरे देश की होती है और थरूर ने यह बात बिल्कुल सही कही है।**

पूनावाला ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी भारत के खिलाफ गलत प्रचार करते हैं और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों पर भी देश की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पार्टी और देश के हित से ज्यादा परिवार के हित को प्राथमिकता देते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने यहां तक कहा कि राहुल गांधी की भाजपा से नफरत, भारत से नफरत में बदल जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी में थरूर जैसे नेताओं के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है, क्योंकि वहां राष्ट्रीय हित को परिवार से ऊपर रखने की सोच को बर्दाश्त नहीं किया जाता।

वहीं दूसरी ओर, कांग्रेस नेता वी हनुमंत राव ने इस पूरे मामले पर अलग रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां हर किसी को अपनी राय रखने का अधिकार है। यह शशि थरूर की व्यक्तिगत सोच हो सकती है, लेकिन पार्टी की सोच जरूरी नहीं कि वही हो। हनुमंत राव ने यह भी कहा कि अगर कोई दूसरी पार्टी ऐसा बयान देती, तो शायद तुरंत कार्रवाई होती, लेकिन कांग्रेस में लोकतंत्र है और अलग-अलग राय रखने की आजादी है।

### क्या बोला था शशि थरूर ने?

बता दें कि कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी और विदेश नीति को लेकर अहम बातें कही थी। उन्होंने कहा था कि विदेश नीति भाजपा या कांग्रेस की नहीं, भारत की होती है। अगर राजनीति में कोई प्रधानमंत्री की हार पर खुश होता है, तो वह भारत की हार की खुशी मना रहा होता है। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के उन शब्दों को याद किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर भारत मर गया, तो कौन जिएगा? ये बात उन्होंने एक मीडिया चैनल से बातचीत के दौरान कही थी।

# तमिलनाडु में द्रविड़ मॉडल की गूंज, सीएम स्टालिन बोले-हमें वोट न देने वाले भी कर रहे काम की तारीफ



**तमिलनाडु।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा है कि उनकी सरकार के कामकाज और जनकल्याणकारी योजनाओं ने राज्य में मजबूत पहचान बनाई है। उन्होंने दावा किया कि डीएमके को वोट न देने वाले लोग भी द्रविड़ मॉडल शासन की सराहना कर रहे हैं। तिरुवन्नामलाई जिले में एक सरकारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने केंद्र की भाजपा सरकार और राज्य की विपक्षी पार्टियों पर तीखा हमला बोला।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु में उनकी सरकार हर जिले और हर परिवार के विकास के लिए काम कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में राज्य ने कई चुनौतियों को पार करते हुए उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार के कामकाज की आलोचना उसके अपने समर्थक भी कर रहे हैं, जबकि तमिलनाडु सरकार को व्यापक समर्थन और सम्मान मिल रहा है।

### राज्य के अधिकार और राज्यपाल का मुद्दा

स्टालिन ने आरोप लगाया कि जीएसटी लागू होने के बाद राज्यों का कर पर अधिकार कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार तमिलनाडु के बकाया फंड जारी नहीं कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि राज्यपाल को केंद्र ने चुनी हुई सरकार को परेशान करने के लिए नियुक्त किया है। इन सभी बाधाओं के बावजूद राज्य ने आर्थिक और सामाजिक विकास में बेहतर प्रदर्शन किया है।

मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्हें धोखेबाज और गुलाम बताया। उनका इशारा मुख्य विपक्षी एआईएडीएमके और उसकी सहयोगी भाजपा की ओर माना जा रहा है। स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु की प्रगति से कई लोगों को पेट में दर्द हो रहा है और नफरत फैलाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की जा रही है।

स्टालिन ने कहा कि 'नान मुदलवन' जैसी कौशल विकास योजना और मुख्यमंत्री नाश्ता योजना को सोशल मीडिया पर भी सराहा जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि इन योजनाओं ने छात्रों और युवाओं की जिंदगी बदली है और ऐसी योजनाएं भाजपा शासित राज्यों में नहीं दिखतीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर भारत के कई यूट्यूबर तमिलनाडु के विकास और योजनाओं की तारीफ करते हुए वीडियो बना रहे हैं।

### द्रविड़ मॉडल 2.0 पर बोले

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ने गांवों में गरीबी कम की और लोगों की आमदनी बढ़ाई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने इस योजना को कमजोर किया और 100 दिन के रोजगार के अधिकार को खत्म कर दिया। ई. पलानीस्वामी पर निशाना साधते हुए स्टालिन ने कहा कि किसान परिवार से होने का दावा करने वाले विपक्षी नेता भी इस मुद्दे पर चुप हैं। अंत में उन्होंने भरोसा जताया कि 2026 विधानसभा चुनाव में द्रविड़ मॉडल 2.0 की सरकार फिर बनेगी।

# ममता बनर्जी का आरोप; संबलपुर हत्या के बाद बंगाली भाषियों का उत्पीड़न



**ओडिशा।** ओडिशा के संबलपुर जिले में पश्चिम बंगाल के एक 30 वर्षीय प्रवासी मजदूर की कथित हत्या के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि मामले में 'जीरो ऋक्र्फ' दर्ज की जा चुकी है और जांच के लिए राज्य पुलिस की एक टीम ओडिशा भेजी गई है।

### ममता ने भाजपा सरकार पर लगाए कई गंभीर आरोप

मुख्यमंत्री ने बीजेपी-शासित राज्यों में बंगाली भाषी लोगों के खिलाफ जबरन उत्पीड़न और हिंसा की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के जांगीपुर क्षेत्र (मुर्शिदाबाद) से गए प्रवासी मजदूरों को संबलपुर में गंभीर अत्याचारों का सामना करना पड़ा है। ममता बनर्जी के मुताबिक, बुधवार 24 दिसंबर को बीड़ी को लेकर हुए कथित विवाद के बाद युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पश्चिम बंगाल पुलिस ने सूती थाने में जीरो ऋक्र्फ दर्ज कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि जांच के लिए राज्य पुलिस की एक टीम ओडिशा भेजी गई है।

### प्रवासी मजदूर भय के माहौल में वापस लौट रहे हैं

उन्होंने दावा किया कि मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद से गए प्रवासी मजदूर भय के माहौल में वापस लौट रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता दी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि बंगाली भाषा बोलना कभी अपराध नहीं हो सकता।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मैं बीजेपी-शासित राज्यों में बंगाली भाषी लोगों के खिलाफ हो रहे अमानवीय व्यवहार की कड़ी निंदा करती हूं। हम उन प्रवासी बंगाली परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं जिन्हें डराया-धमकाया गया और पीड़ित किया गया।

# 'कट्टरपंथ का उभार बांग्लादेश की राजनीति के लिए खतरनाक', पूर्व राजदूत बोले-यूनुस ने निराश किया



**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के सत्ता से बेदखल होने के बाद से ही बांग्लादेश में हिंसा और अराजकता का माहौल है। हाल ही में छात्र नेता उस्मान हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई और अल्पसंख्यकों पर हमले की घटनाएं भी बढ़ीं। बांग्लादेश के मौजूदा हालात पर भारत के पूर्व राजदूत सुरेश के गोयल ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि बांग्लादेश में कट्टरपंथ का उभार हालात को बेहद मुश्किल बना रहा है।

तारिक रहमान के बांग्लादेश लौटने पर पूर्व राजदूत ने कहा, 'यह एक अच्छी बात है क्योंकि अगर बीएनपी चुनावों में हिस्सा लेती है, तो यह साबित होगा कि चुनाव देश में लोकतांत्रिक शासन की वापसी की एक सच्ची कोशिश है। लेकिन साथ ही, उन्होंने अवामी लीग पर सिर्फ इसलिए प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि वे शेख हसीना को वापस नहीं आने देना चाहते। मुझे उम्मीद है कि चुनाव मजाक नहीं बनेंगे।'

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान ने शनिवार को ढाका यूनिवर्सिटी का दौरा किया और भारी सुरक्षा के बीच मारे गए छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की कब्र पर दुआ की। 60 वर्षीय बीएनपी नेता ने ढाका यूनिवर्सिटी सेंट्रल मस्जिद के पास स्थित बांग्लादेश के राष्ट्रीय कवि काजी नजरुल इस्लाम की कब्र पर भी दुआ की। हादी को 20 दिसंबर को नजरुल इस्लाम की कब्र के बगल में दफनाया गया था। रहमान ने इंकलाब मंच के प्रवक्ता हादी की कब्र पर श्रद्धांजलि दी, जिनकी इस महीने की शुरूआत में एक हमले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना से फरवरी में होने वाले राष्ट्रीय चुनावों से पहले राजनीतिक तनाव बढ़ गया है। रहमान गुरुवार को लंदन से बांग्लादेश लौटे, जिससे 2008 में शुरू हुआ उनका लंबा स्व-निर्वासन खत्म हो गया।

### 'बांग्लादेश की राजनीति लगातार जटिल हो रही'

पूर्व राजदूत ने कहा, 'मुझे लगा था कि मोहम्मद यूनुस की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक छवि है और वे बांग्लादेश की राजनीति को बेहतर तरीके से नियंत्रित करेंगे। लेकिन साफ है कि उनके फैसले दूसरों से बहुत ज्यादा प्रभावित हैं। ये बाहरी तत्व, जिहादी तत्वों का बढ़ता प्रभाव है, जो बांग्लादेश की राजनीति को जटिल बना रहा है। बांग्लादेश में हालात और बिगड़ रहे हैं और जितना हमने सोचा था, उससे भी ज्यादा जटिल हो रहे हैं।'

# करावली उत्सव में बड़ा हादसा मंगलूरू के मेले में अचानक खराब हुआ झूला; दो बच्चे घायल, जांच के आदेश



**कर्नाटक।** कर्नाटक के तटीय शहर मैंगलुरु में करावली उत्सव के दौरान लगे मनोरंजन झूले में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। जायंट व्हील के अचानक खराब होने से एक व्यक्ति और उसके दो बच्चे घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की आशंका जताई है।

पुलिस के मुताबिक यह हादसा 24 दिसंबर को करावली उत्सव मैदान में हुआ। शहर निवासी के. मोहन मुलाली ने शिकायत में बताया कि जायंट व्हील तेज रफ्तार से चलने लगा। इसी दौरान जिस केबिन में वह और उनके बच्चे बैठे थे, वह अचानक नीचे गिरा और दूसरे केबिन से टकरा गया। हादसे में तीनों को चोटें आईं।

### झूले में खराबी और टूटे दरवाजे

शिकायत के अनुसार, झूला चलते समय केबिन के दरवाजे टूट गए। इसके कारण सवारी कर रहे लोग केबिन के अंदर ही बार-बार उछलते और टकराते रहे। पीड़ित का आरोप है कि यह साफ तौर पर झूले के रखरखाव में भारी लापरवाही को दशार्ता है। घटना के वक्त वहां मौजूद लोग दहशत में आ गए।

### पुलिस की जांच और प्रशासन की सफाई

मैंगलुरु पुलिस आयुक्त सुधीर कुमार रेड्डी ने कहा कि शिकायत से प्रथम दृष्टया लापरवाही और खराब रखरखाव के संकेत मिलते हैं। झूला संचालकों से सभी दस्तावेज मांगे गए हैं। यह भी जांच की जा रही है कि क्या सुरक्षा नियमों का उल्लंघन हुआ है। प्रशासन ने सभी मनोरंजन झूलों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने की बात कही है।

### कानूनी कार्रवाई और पीड़ित की मांग

पुलिस ने साफ किया है कि यदि जांच में सार्वजनिक सुरक्षा और लापरवाही से जुड़े कानूनों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो मामला दर्ज किया जाएगा। पीड़ित के. मोहन मुलाली ने जायंट व्हील को तत्काल बंद करने और सभी मनोरंजन झूलों का अनिवार्य सुरक्षा ऑडिट कराने की मांग की है। पुलिस ने कहा है कि जन सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### मौके पर नहीं मिली चिकित्सा सहायता

पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि हादसे के बाद मौके पर न तो प्राथमिक उपचार की सुविधा थी और न ही एंबुलेंस तुरंत उपलब्ध कराई गई। आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल पिता और बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि जिला प्रशासन से जुड़े एक अधिकारी ने दावा किया कि उत्सव स्थल पर तैनात एंबुलेंस उस समय किसी अन्य आपात स्थिति में लगी हुई थी।

# बार-बार टाली शादी की तारीख तो लगा दिया दुष्कर्म का आरोप, अब सजा हुई रद्द



**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत ने दुष्कर्म के एक मामले में बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने 10 साल की सजा काट रहे एक व्यक्ति की दोषसिद्धि और सजा दोनों को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि यह मामला सहमति से बने रिश्ते का था, जिसे गलतफहमी के कारण आपराधिक रंग दे दिया गया।

यह फैसला उस अपील पर आया, जिसमें आरोपी ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के अप्रैल 2024 के आदेश को चुनौती दी थी। ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए 10 साल की सश्रम कारावास और 55 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने सजा निलंबन की अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद आरोपी सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां पूरे मामले की नए सिरे से समीक्षा हुई।

### छठी इंद्रिय से मिला समाधान

जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि जब मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने आया, तो तथ्यों को देखते हुए अदालत को यह 'छठी इंद्रिय' से महसूस हुआ कि दोनों पक्षों को फिर से साथ लाया जा सकता है। अदालत ने आरोपी और महिला से उनके माता-पिता की मौजूदगी में बातचीत की। इसके बाद दोनों ने शादी का फैसला लिया और जुलाई 2025 में विवाह कर लिया।

अदालत के अनुसार, आरोपी और महिला की मुलाकात वर्ष 2015 में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हुई थी। दोनों के बीच आपसी पसंद बनी और बाद में सहमति से शारीरिक संबंध भी बने। महिला का आरोप था कि आरोपी ने शादी का झूठा वादा किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी की तारीख बार-बार टलने से महिला में असुरक्षा की भावना पैदा हुई, जिससे नवंबर 2021 में एफआईआर दर्ज कराई गई।

### पूरा केस खत्म

सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए एफआईआर, ट्रायल कोर्ट का फैसला और सजा तीनों को रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि यह दुर्लभ मामला है, जहां पूर्ण न्याय के लिए इस विशेष अधिकार का प्रयोग जरूरी था। चूंकि दोनों अब शादीशुदा हैं और साथ रह रहे हैं, इसलिए आपराधिक कार्यवाही को आगे बढ़ाने का कोई मतलब नहीं रह जाता।

# एनसीपी-एसपी नेता आजम पानसरे से मिलने पहुंचे अजित पवार, जल्द हो सकता है गठबंधन का एलान



**पुणे।** पुणे निकाय चुनाव के लिए अजित पवार की पार्टी एनसीपी और शरद पवार की पार्टी एनसीपी-एसपी के बीच गठबंधन लगभग तय हो चुका है। अजित पवार ने कहा कि जल्द ही इसका एलान कर दिया जाएगा। पिंपरी चिंचवाड़ में भी दोनों पार्टियां साथ आने की संभावनाएं तलाश रही हैं। इसी के चलते डिप्टी सीएम अजित पवार शुक्रवार को पिंपरी चिंचवाड़ में एनसीपी एसपी नेता आजम पानसरे से मिलने पहुंचे। मुलाकात के बाद आजम पानसरे ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'अजित पवार लंबे समय के बाद मुझसे मिलने आए। हमने विभिन्न मुद्दों पर बहुत सी बातें कीं। हमारी भी इच्छा है कि दोनों पार्टियों का गठबंधन हो जाए। उन्होंने मुझसे कहा है कि जल्द ही इस बारे में फैसला ले लिया जाएगा।'

पुणे और पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम संयुक्त एनसीपी के गढ़ रहे हैं। बीएमसी के बाद ये दोनों नगर निगम काफी धनी माने जाते हैं। भाजपा भी यहां लगातार अपनी ताकत बढ़ा रही है। ऐसे में पवार परिवार किसी भी कीमत पर नहीं चाहता कि भाजपा उनके किले में घुसपैठ करे।

यही वजह है कि अजित पवार और शरद पवार ने मतभेद भुलाकर पुणे और पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम चुनाव के लिए साथ आने का फैसला किया है। फिलहाल दोनों पार्टियों में बातचीत जारी है और जल्द ही इसका औपचारिक एलान किया जा सकता है। शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने भी अपने एक बयान में कहा है, 'बेशक, हम गठबंधन की सभी संभावनाओं पर विचार कर रहे हैं। अजित पवार बार-बार कहते हैं कि उन्होंने विचारधारा को नहीं छोड़ा है।'

# 'तिरुपरनकुंद्रम मामले से सांप्रदायिक नफरत भड़काना चाहती थी भाजपा', तमिलनाडु के मंत्री का दावा



**तमिलनाडु।** तमिलनाडु सरकार के मंत्री पीके शेखर बाबू ने दावा किया है कि तिरुपरनकुंद्रम दीप प्रज्जवलन मामले में भाजपा सांप्रदायिक नफरत भड़काना चाहती थी, लेकिन भगवान मुरुगन उनके पक्ष में नहीं थे। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक आधार पर लोगों को बांटने की कोई भी कोशिश सीएम स्टालिन की सरकार में सफल नहीं होगी।

### 'सांप्रदायिक नफरत भड़काना चाहती थी भाजपा'

मीडिया से बात करते हुए तमिलनाडु सरकार के मंत्री पीके शेखर बाबू ने कहा, वे (भाजपा) भगवान मुरुगन के नाम पर तिरुपरनकुंद्रम में दीप प्रज्जवलित करने के मुद्दे पर सांप्रदायिक नफरत भड़काना चाहते थे। लेकिन ऐसा लगता है कि भगवान ने भी इसकी मंजूरी नहीं दी और यह असफल हो गया। तमिलनाडु भाजपा की समन्वय समिति के संयोजक एच राजा ने हाल ही में दावा किया है कि जब राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी तो मंदिर प्रशासन को सरकार से लेकर भक्तों को सौंपा जाएगा। जब इसे लेकर पीके शेखर बाबू से सवाल किया गया तो उन्होंने तंज कसते हुए कहा, 'उन्हें चुनाव लड़ने और जीतने दीजिए।' उन्होंने कहा, एच राजा को ये अवांछित बयान देने की बजाय, पहले चेन्नई में किसी भी सीट से चुनाव लड़कर अपनी अहमियत बतानी चाहिए।

कार्तिगई दीपम तमिलनाडु का बहुत पुराना और पवित्र त्योहार है, जो कि कार्तिगई मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव की अग्नि रूप में पूजा की जाती है। तिरुवन्नामलई में लाखों लोग महादीपम देखने आते हैं। इसी तरह हर मुरुगन मंदिर में भी यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। घर-घर दीये जलाए जाते हैं, इसलिए इसे 'दीयों का त्योहार' भी कहते हैं।

तिरुपरनकुंद्रम की पहाड़ी पर भगवान सुब्रह्मण्य स्वामी (मुरुगन) का प्राचीन मंदिर है और उसी पहाड़ी पर सिकंदर बादशाह दरगाह भी है। सैकड़ों साल से दोनों समुदाय शांति से रहते आए हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में कुछ संगठनों ने पहाड़ी का नाम बदलने, कुर्बानी करने जैसे कदम उठाए, जिससे

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। रविवार 28 दिसम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट




## राहत की लेकर आस किसान पहुंचे भाजपा के गुरुजी के आवास
## जल्द ही सीएम से मिलेंगे गुरूजी लेकर किसानों को अपने साथ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा की राजनीति में गुरूजी के नाम से प्रसिद्ध पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर एक ऐसे लीडर के रूप में कन्सीडर होते हैं जिन पर आज भी जनता विश्वास करती है। इसकी वजह है कि गुरूजी कभी अपने पास आये लोगों को निराश नहीं करते। वो समस्या लेकर आये लागों की बात भी सुनते हैं और फिर उसके समाधान के लिए आगे बात भी करते हैं। एक नेता की यही लोकप्रियता होती है और यही उसका आकृर्षण होता है कि आम जनता को किसानों को ऐसे नेता से उम्मीद रहती है। इसका नजारा तब दिखाई दिया जब शनिवार को गुरूजी यानी पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर के आवास पर सात गांव के किसान पहुंचे। मामला बहुत पुराना है और इसमें पहले भी प्रयास हुए थे। शनिवार को भी जब किसान गुरूजी के आवास पर पहुंचे तो यहां फिर से तय हुआ कि गुरूजी के साथ किसानों काप्रतिनिधि मंडल चलकर बात करेगा।

### 7 गांव की जमीन से जुड़ा है ये मामला

करंट क्राइम। जिस मामले को लेकर किसान पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर के आवास पर पहुंचे। ये मामला पुराना है। वर्ष 2004 में रिलायंस ने प्रोजैक्ट के लिए जमीन ली थी और सरकार ने ये जमीन अधिग्रहित की थी। इन सात गांवों में बझेड़ा, ककराना, जाधवपुर, धहरा और धौलाना गांव भी शामिल थे। तब समाजवादी पार्टी की सरकार थी और मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे। कुछ गांव के किसान जमीन के रेट से सहमत नहीं थे और वो मुआवजे की मांग को लेकर हाईकोर्ट चले गये। वर्ष 2009 में हाईकोर्ट ने फैसला दिया कि जो किसान दो महीने के अंदर मुआवजे की धनराशि लौटा देंगे उनका नाम उनकी जमीन की खतौनी में दर्ज कर दिया जायेगा। अगर दो महीने के भीतर पैसा नहीं लौटाया तो जमीन सरकार की मानी जायेगी। बताते हैं कि इनमें से 147 किसानों ने मुआवजे की रकम लौटा दी और अपनी जमीन अपने नाम पर दर्ज करा ली। यहां पर बताया गया कि 5800 किसानों की जमीन थी। लेकिन पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर का कहना है कि इस आंकड़े में जानकारी का भ्रम है। दरअसल कई ऐसे किसान थे जिनकी दो या तीन गांव में जमीन थी। और इस तरह से यह संख्या 513 थी। ये किसान अपनी बात पर अड़े रहे और इन पर मुकदमें भी दर्ज हो गये और कुड़की भी हो गयी। किसानों के पास पैसा भी नहीं है और अब समस्या का समाधान भी होना है।

### गुरुजी बोले सरकार है किसान हितैषी और मुख्यमंत्री सुनते हैं बात

करंट क्राइम। गुरूजी के आवास पर शनिवार को यह मामला लेकर पहुंचने वाले किसानों में मंगू सिंह, विजयपाल, जब्बार, रामेन्द्र, लोकेश और दिनेश प्रमुख थे। गुरूजी ने पूरी बात सुनी और किसानों को ये आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार पूरी तरह से किसान हितैषी है और सीएम योगी आदित्यनाथ किसानों की , मजदूरों की, आम जनता की समस्याओं को सुनते हैं और राहत भी देते हैं। इसके बाद ये तय हुआ कि मुख्यमंत्री से समय लेकर प्रतिनिधि मंडल के साथ मिला जायेगा। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने बताया कि ये किसान अब परेशान हैं। समस्या का समाधान चाहते हैं। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमरने कहा कि पहले भी दो बार मुलाकात हो चुकी है और मैंने ही मुख्यमंत्री ने आग्रह किया था कि इनके मुकदमे वापस हों। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने बताया कि अब ये तय हुआ है कि सात गांव से दो -दो किसान पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर के साथ मुख्यमंत्री से मिलेंगे, अपनी बात रखेंगे। गुरु जी ने कहा कि हमारी सबसे पहली मांग मुकदमे वापस कराने की होगी और फिर कुड़की के आदेश निरस्त करने की मांग रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि न्याय प्रिय सीएम के रूप में हमे योगी आदित्यनाथ मिले हैं और पूरी उम्मीद है कि किसानों को राहत मिलेगी।

## आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का करेंगे कार्यकर्ता भव्य स्वागत
### यूपी गेट से बाईपास तक हो गया पूरा मार्ग केसरिया



आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी गाजियाबाद आ रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष पहली बार गाजियाबाद आ रहे हैं और उनके भव्य स्वागत की तैयारी भाजपा संगठन ने की है।



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी गाजियाबाद आ रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष पहली बार गाजियाबाद आ रहे हैं और उनके भव्य स्वागत की तैयारी भाजपा संगठन ने की है। आज पहले पंकज चौधरी का स्वागत यूपी गेट पर होगा और फिर एनएच-24 पर स्वागत किया जायेगा। कार्यकर्ताओं में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का स्वागत करने को लेकर जोश है और वो स्वागत करने के लिए तैयार हैं।

शनिवार को यूपी गेट से लेकर एनएच 24 का पूरा मार्ग भगवामय हो गया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में होर्डिंग लगाये हैं और चारों तरफ भाजपा के ये होर्डिंग नजर आ रहे हैं। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पंकज चौधरी गाजियाबाद आ रहे हैं।

वो गाजियाबाद से होते हुए मेरठ में क्षेत्रीय कार्यालय पर जायेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के भव्य स्वागत की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। यूपी गेट पर सबसे पहले युवा मोर्चा के नेतृत्व में स्वागत होगा। और यहां से युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के साथ बाईक रैली निकालते हुए चलेंगे। बाईपास पर स्वागत का दूसरा प्वाईंट है और यहां उनका स्वागत होगा। इसके लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार हैं।

## जलेगा पार्षदों का अलाव और होगा डीजे पर डांस
### - पार्षद ने पूछा कौन करेगा खर्चा तो पार्षद ने बताया जिन्होंने भरा था पर्चा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** न्यू ईयर वाली पार्टी को लेकर चर्चा पूरे नगर निगम में गूंज रही है। डिप्टी मेयर और पूर्व डिप्टी मेयर के साथ पार्षदों की फौज लैंसडाउन में सिद्धबली के मंदिर में सबसे पहले पूजन करेगी। इसके बाद नदी किनारे सब बैठेंगे। पार्षद भी रेडी हो गये हैं और सुना है कि यहां पार्षद वैल्फेयर एसोसिएशन भी आगे आ गयी है। नये साल का जश्न उत्तराखण्ड के सिद्धबली मंदिर मे होगा और सवाल ये उठा कि टूर पर तो हम जाने को तैयार हैं मगर ये तो पता चले कि खर्चा कौन उठायेगा। सूत्र बताते हैं कि यहां पर पार्षद ने ही पार्षद को बता दिया कि जिन्होंने डिप्टी मेयर वाला पर्चा भरा था वो ही खर्चा उठायेंगे। अब पता चला है कि ठंड के मौसम में पार्षदों के लिए अलाव की व्यवस्था की गयी है। नदी किनारे अलाव जलेगा और फिर यहां डीजे पर डांस भी होगा। अलाव से लेकर डांस के फोटो बाहर आयेंगे या नहीं आयेंगे। इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है। लेकिन सूत्र बताते हैं कि पार्षद इस टूर को लेकर उत्साहित हैं। वो इस बात से भी गदगद हैं कि चलो किसी ने तो हमारा भी ख्याल किया। वैसे अभी ये पता नहीं चला है कि टूर में केवल पार्षद ही जायेंगे या पार्षद पतियों को भी जाने की सुविधा मिलेगी।




## 226 हिस्ट्रीशीटरों का न्यू ईयर मनेगा जेल में
### 31 दिसंबर तक गाजियाबाद पुलिस चलाएगी अभियान



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कमिश्नरेट पुलिस ने वर्ष 2025 के अंत में अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए बड़ी रणनीतिक पहल शुरू की है। जिले में सक्रिय अपराधियों का व्यापक वेरीफिकेशन अभियान लगभग पूरा हो चुका है, जिसके बाद अब फोकस पुराने और गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड वाले हिस्ट्रीशीटरों की धरपकड़ पर केंद्रित कर दिया गया है।

पुलिस ने जिले के 226 चिह्नित हिस्ट्रीशीटरों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए सभी थानों में 24 विशेष टीमें गठित की हैं। इन टीमों में अनुभवी उपनिरीक्षक, बीट कांस्टेबल और तकनीकी निगरानी में प्रशिक्षित पुलिसकर्मी शामिल किए गए हैं।

पुलिस का दावा है कि बीते दिनों में 12 हजार से अधिक बदमाशों का सत्यापन किया गया, जिनमें से अधिकांश की लोकेशन, आपराधिक नेटवर्क और गतिविधियों की जानकारी रिकार्ड पर आ चुकी है। इसके साथ ही 8180 अपराधियों का डिजिटल डोजियर तैयार कर एक मजबूत डाटाबेस भी तैयार किया गया है, जिसे बीट स्तर पर तैनात कांस्टेबलों को सौंपा गया है।

अब यही बीट कर्मी सत्यापित अपराधियों की ग्राउंड लेवल निगरानी भी कर रहे हैं। हिस्ट्रीशीटरों की गिरफ्तारी के लिए 31 दिसंबर तक की समयसीमा तय की गई है। प्रत्येक टीम को एक सप्ताह के भीतर हिस्ट्रीशीटर की तलाश पूरी करने का स्पष्ट टास्क दिया गया है।

टीमों को निर्देशित किया गया है कि वे तकनीकी इनपुट, सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना और बीट स्तर की लोकेशन ट्रैकिंग का उपयोग कर अपराधियों को चिन्हित करें और उन्हें गिरफ्तार करें। अधिकारियों का कहना है कि यह योजना पुराने अपराधों के लंबित नेटवर्क को तोड़ने, शहरी और ग्रामीण इलाकों में निगरानी बढ़ाने और आपराधिक गतिविधियों को रोकने में मदद करेगी।

इससे 2026 में अपराध की रोकथाम होगी।

> हर थाने की टीम को जिम्मेदारी दी गई है कि 31 दिसंबर से पहले वांछित हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाए। नए साल से पहले शहर को अपराध मुक्त माहौल देने का प्रयास है।
>
> -आलोक प्रियदर्शी
> अतिरिक्त पुलिस आयुक्त



## मंगेतर से फोन पर हुआ विवाद युवती ने लगा दी मौत की छलांग
### शिवानी की लैंडक्राफ्ट सोसायटी निवासी राहुल चौहान से शादी तय हो गई थी। दोनों 25 फरवरी को सात फेरे लेने वाले थे।



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अपने प्रेमी से फोन पर बात करते हुए अचानक क्या हुआ कि लड़की ने तीसरी मंजिल से छलांग लगा ली। नीचे गिरते ही लड़की की मौत हो गई। घटना महरौली की है। युवती की 25 फरवरी को ही शादी होनी थी। लड़की के परिजनों ने कोई शिकायत नहीं दी है। वे पोस्टमार्टम कराने के लिए भी तैयार नहीं हुए लेकिन पुलिस ने पोस्ट मार्टम कराया।

देर रात करीब दो बजे पुलिस को सूचना मिली कि महरौली के पीआर एंक्लेव में एक युवती की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई है। मूल रूप से बड़ौत निवासी 22 वर्षीय शिवानी शर्मा फोन पर अपने मंगेतर से बात कर रही थी। तभी किसी बात पर झगड़ा हो गया तो शिवानी तीसरी मंजिल से नीचे कूद गई। शिवानी की लैंडक्राफ्ट सोसायटी निवासी राहुल चौहान से शादी तय हो गई थी। दोनों 25 फरवरी को सात फेरे लेने वाले थे। कुछ दिन पूर्व ही दोनों का प्री वेडिंग शूट हुआ था। युवती नोएडा की निजी कंपनी में नौकरी करती थी और महरौली में किराए पर रहती थी।

गुरुवार देर रात दोनों में इसी बात पर विवाद शुरू हो गया। रात करीब एक बजे युवती ने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। नीचे गिरने से युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। राहुल चौहान और युवती के पिता उसे मणिपाल अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने शिवानी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि युवती नोएडा की निजी कंपनी में नौकरी करती थी और महरौली में किराए पर रहती थी।



## प्रेरणा स्थल की भव्यता और संकीर्ण राजनीति का अंतर्विरोध : बालेश्वर त्यागी







### 'आदर्शों की कसौटी पर जातीय राजनीति: अटल-दीनदयाल के पथ से भटकाव'

**बालेश्वर त्यागी के लेख के पांच सबसे प्रमुख अंश**

(1) **वैचारिक विरोधाभास:** जहाँ एक ओर अटल जी की 'सर्व-स्वीकार्यता' का उत्सव मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर सत्ता के गलियारों में 'जातीय बैठकों' का आयोजन उनके समावेशी दर्शन पर गहरी चोट है।

(2) **दीनदयाल जी का आदर्श:** पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कभी चुनाव जीतने के लिए जातीय कार्ड नहीं खेला; उनका मानना था कि सिद्धांतहीन जीत दरअसल संगठन की हार है। आज के नेताओं का अपनी जाति के आधार पर गोलबंदी करना इसी आदर्श का पतन है।

(3) **अग्रणी जातियों का उत्तरदायित्व:** यदि सत्ता में प्रभावशाली हिस्सेदारी रखने वाले समाज (ब्राह्मण-क्षत्रिय) भी खुद को उपेक्षित महसूस कर जातीय प्रदर्शन करेंगे, तो 'अंत्योदय' और 'सबका विश्वास' का संकल्प केवल चुनावी नारा बनकर रह जाएगा।

(4) **वैश्विक संकट से सीख:** बांग्लादेश की वर्तमान हिंसा एक चेतावनी है कि विभाजित समाज कभी सुरक्षित नहीं रहता। 'बंटोगे तो कटोगे' केवल चुनावी जुमला नहीं, बल्कि सामाजिक एकता के अभाव में आने वाले भविष्य का भयानक सच हो सकता है।

(5) **कथनी और करनी का अंतर:** भाजपा नेतृत्व को आत्मचिंतन करना होगा कि क्या वे भी विपक्षी दलों की तरह 'जातीय पिच' पर खेलकर अपनी मूल पहचान और वैचारिक शुचिता को खो रहे हैं।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सारे देश में अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मशती की धूम मची है। अटल बिहारी वाजपेयी जी की सर्व स्वीकार्यता होने के कारण एक भी विपरीत स्वर सुनाई नहीं दिया। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्रेरणा स्थल का उद्घाटन एक अद्भुत समन्वय का केंद्र बन गया जहां अटल बिहारी वाजपेयी, दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विशाल मूर्तियों के साथ साथ उनके विचारों और प्रेरणादायक प्रसंगों के प्रस्तुतीकरण की व्यवस्था की गई है। इस सारे सुंदर वातावरण में हलवा में कंकड़ मिलाने का काम किया है। ब्राह्मण समाज के माननीय विधायकों की मीटिंग ने। जब ब्राह्मण विधायकों की मीटिंग की खबर आई तो पता चला कि इससे पूर्व राजपूत समाज के विधायकों ने भी अपनी मीटिंग की थी। एक समाज से जुड़े नेता प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री हैं और एक समाज से जुड़े नेता उप मुख्य मंत्री हैं। इसके बाद भी अगर इन माननीय विधायकों को राजनीति में अपनी उपेक्षा का आभास हो रहा है तो बाकी समाज जिनका प्रदेश की आबादी में इनसे बड़ा हिस्सा है फिर उन्हें अपना अस्तित्व जताने के लिए क्या करना पड़ेगा?

यह तब हुआ है जब उस अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शती मनाई जा रही है जिसने पूरे राजनैतिक जीवन में कभी ब्राह्मण सम्मेलन में भाग नहीं लिया। कभी जातियों के आधार पर समाज व्यवस्था में विचार नहीं किया। लखनऊ में बने प्रेरणा स्थल में जिन दीनदयाल उपाध्याय का विशाल स्टेच्यू लगाया गया है जो भाजपा के दर्शन के मुख्य वास्तुविद भी हैं, ने अपने जीवन में लड़े एकमात्र लोक सभा चुनाव में ब्राह्मण सम्मेलन में वोट देने की अपील करने से यह कह कर इंकार कर दिया था कि हो सकता है ब्राह्मण सम्मेलन में वोट देने की अपील करने से मैं चुनाव जीत जाऊ लेकिन जनसंघ चुनाव हार जाएगी। मैं जनसंघ को चुनाव में जिताने के लिए चुनाव लड़ने को तैयार हुआ हूं। उस दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी जी के अनुयायी होने का दम भरने वाले नेताओं का अपने जाति के विधायकों के सम्मेलन करना कितना उचित है यह विचारणीय प्रश्न है। जब समाज की अग्रणीय रही जातियों में भी सत्ता की इतनी भूख जग जाएगी फिर देश और समाज का दम भरने के दावों का क्या होगा ?? फिर सबका विकास, सबका विश्वास के उदघोष का क्या होगा ?

व्यक्ति निर्माण की कार्यशाला से गढ़े होने का दावा करने वाले लोगों द्वारा जब चुनावों में वैश्य, ब्राह्मण, क्षत्रिय सम्मेलन करके टिकट पाने और अपने जातियों के प्रत्याशियों की जिताने के प्रयास कितने नैतिक हैं। क्या माननीय विधायकों या यों कहें कि सत्ता के संचालकों को अभी भी बांग्ला देश की घटनाओं से कोई सबक नहीं मिल रहा है ?? बांग्ला देश में दीपू चंद्र दास को चौराहे पर जिंदा जलाने और अमृत मंडल की मॉब लिंचिंग इस बात की चेतावनी है कि भविष्य में बड़े खतरे हैं। क्या बंटोगे तो कटोगे केवल चुनावी नारा है या देश को भावी खतरे की चेतावनी है।

भाजपा नेतृत्व को मन बचन और कर्म से समाज की एकजुटता का संदेश देना होगा। जातीय आधार पर टिकटों का बटवारा, पार्टी में पदों का वितरण समाज विभाजन का पहला कदम है। विभाजित समाज इसकी अंतिम मंजिल है। मायावती और अखिलेश के जातीय पिच पर खेलना, कांटे से कांटा निकालने का प्रयास होगा। जो भाजपा की करनी और कथनी में भेद को चीख चीख कर प्रकट करेगा। हरिओम पंवार ने अपनी एक कविता की पंक्तियों में कहा है -

*सैनिक अपने प्राण गंवाकर*
*देश बना कर जाता है।*
*बलिदानों की बुनियादों पर*
*देश बनाकर जाता है।*
*जिनको अपने बलिदानी*
*बेटों से प्यार नहीं होगा।*
*उन्हें तिरंगे को फहराने का*
*अधिकार नहीं होगा।*

मैं कहना चाहता हूं कि जो सत्ता को भी जातियों में बांटने पर आमादा हैं, उन्हें दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी के चित्रों पर पुष्पांजलि का अधिकार नहीं है।

## संपादकीय

# नई ईवी पॉलिसी

दिल्ली सरकार ने अगले साल संशोधित इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति लागू करने का निर्णय लिया है। यह स्वच्छ परिवहन में हुई प्रगति और वायु प्रदूषण से निपटने के लिए केवल ईवी पर निर्भर रहने की संरचनात्मक सीमा को रेखांकित करता है। शहर की पहली ईवी नीति को वर्ष 2020 में अधिसूचित किया गया था। उसमें यह महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया था कि 2024 तक सभी नए वाहन पंजीकरणों में से 25 फीसदी इलेक्ट्रिक होने चाहिए। लेकिन यह लक्ष्य पूरा नहीं हो सका। रिपोर्टों से पता चलता है कि शहर में ईवी की संख्या 12 फीसदी से अधिक हो गई है, लेकिन इससे सर्दी में दिल्ली की वायु गुणवत्ता में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। यह नीति के डिजाइन और कार्यान्वयन में चुनौतियों को दशार्ता है। आगामी ईवी नीति में पुराने वाहनों को स्क्रैप करने के साथ वित्तीय प्रोत्साहन को जोड़कर, मोहल्ले स्तर पर चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार कर तथा रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क में छूट जारी रखकर इन कमियों को दूर करने का प्रयास किया गया है।

पेट्रोल-डीजल वाहन और इलेक्ट्रिक वाहन के बीच कीमत का अंतर कम करने के उद्देश्य से दी जाने वाली सब्सिडी और बैटरी स्वैपिंग विकल्प का नए ढांचे का मुख्य आधार बनने की उम्मीद है। यह क्रय-सब्सिडी के संकीर्ण दृष्टिकोण से हटकर अधिक कारगर हस्तक्षेप की ओर एक बदलाव का संकेत देता है। दिल्ली का अब तक का अनुभव बताता है कि केवल प्रोत्साहन से ही स्वच्छ हवा नहीं मिल सकती। इन्हें प्रदूषण नियंत्रण के परिणामों के साथ जोड़ा जाना चाहिए। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का उपयोग दोपहिया और तिपहिया वाहनों में अधिक केंद्रित रहा है, जो पहले से ही अपेक्षाकृत कम उत्सर्जन करते हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत आंकड़ों से पता चलता है कि दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लगभग 37 फीसदी वाहन बीएस-क्क्क या उससे पुराने इंजनों पर चलते हैं। परिणामस्वरूप, परिवहन प्रणाली में ईवी को शामिल तो कर लिया गया, लेकिन सबसे अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को उसी अनुपात में हटाया नहीं गया। पुराने वाहनों को हटाने में यह विफलता विशेष रूप से चिंताजनक है।

यह मुद्दा हाल ही में तब और भी स्पष्ट हो गया जब सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार पर पुराने वाहनों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में विफल रहने के लिए लगाए गए प्रतिबंध को हटा दिया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि केवल बीएस-क्श और उससे ऊपर के इंजन वाले वाहनों को ही कार्रवाई से छूट दी जाएगी, जिससे 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर पहले के आदेश से उत्पन्न अस्पष्टता दूर हो गई। अदालत का स्पष्टीकरण इस बात के सबूतों के आधार पर आया है कि बीएस-क्कऔर -क्क्कश्रेणी के वाहन, जो आमतौर पर इसी आयु वर्ग में आते हैं, दिल्ली में सर्दी की धुंध में बड़े पैमाने पर योगदान करते हैं।

# चांदी की ऐतिहासिक छलांग

## भाव 2.36 लाख के पार, सोना भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मची तेजी और साल के अंत में जबरदस्त खरीदारी के चलते भारतीय सराफा बाजार में चांदी ने आज इतिहास रच दिया। शुक्रवार को दिल्ली में चांदी की कीमतों में 9,350 रुपये की भारी उछाल दर्ज की गई, जिससे यह 2,36,350 रुपये प्रति किलोग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन के मुताबिक, पिछले कारोबारी सत्र (बुधवार) में चांदी 2,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। केवल पिछले चार सत्रों की बात करें तो 19 दिसंबर के बाद से चांदी में 32,250 रुपये (15.8%) की तेजी आ चुकी है। बाजार के जानकारों का कहना है कि यह साल चांदी के निवेशकों के लिए किसी जैकपॉट से कम नहीं रहा। 31 दिसंबर, 2024 को चांदी 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी, जो अब तक इस कैलेंडर वर्ष में 1,46,650 रुपये (163.5%) बढ़ चुकी है।

**सोने की चमक भी बरकरार :** चांदी के साथ-साथ सोने ने भी अपनी चमक बिखेरी है। स्थानीय बाजार में 99.9% शुद्धता वाला सोना 1,500 रुपये की छलांग लगाकर 1,42,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पिछले सत्र में यह 1,40,800 रुपये पर बंद हुआ था। इस साल सोने ने अब तक करीब 80% का रिटर्न दिया है।

**क्यों आई यह रिकॉर्ड तेजी? :** बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, इस तेजी के पीछे घरेलू मांग के साथ-साथ मजबूत ग्लोबल संकेत हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी एनालिस्ट सौमिल गांधी ने कहा, ₹सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन कीमती धातुओं की रैली जारी रही।

# लाल निशान पर बंद हुआ बाजार; सेंसेक्स 367 अंक टूटा, निफ्टी 26100 के नीचे



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज करते हुए, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 367.25 अंक या 0.43 प्रतिशत गिरकर 85,041.45 पर बंद हुआ। दिन भर में इसमें 470.88 अंक या 0.55 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 84,937.82 पर पहुंचा। वहीं

50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 99.80 अंक या 0.38 प्रतिशत गिरकर 26,042.30 पर आ गया, लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई।

घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुझान और विदेशी निधियों की निकासी के चलते शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 15 पैसे गिरकर 89.86 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल :** सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इटरनल और सन फार्मा सबसे बड़े पिछड़ने वालों में शामिल थीं। वहीं, टाइटन, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज और हिंदुस्तान यूनिलीवर को लाभ हुआ।

**क्रिसमस के अवसर पर यूरोपीय और अमेरिकी बाजार रहे बंद :** एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुए। हांगकांग के बाजार बंद रहे। यूरोप के शेयर बाजार शुक्रवार को बंद रहे। क्रिसमस के उपलक्ष्य में गुरुवार को अमेरिकी बाजार बंद रहे।

**ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 62.43 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा :** वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत बढ़कर 62.43 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 1,721.26 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,381.34 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# बम डिस्पोजल के लिए पहली बार भारत में खास मानक, मजबूत होगी सुरक्षा



**नई दिल्ली।** देश में बम निस्तारण से जुड़े उपकरणों के लिए अब एक साफ-सुथरा और तय भारतीय नियम बन गया है। भारतीय मानक ब्यूरो ने आईएस 19445:2025 नाम से यह नया मानक जारी किया है। इसका मकसद यह तय करना है कि बम निस्तारण में इस्तेमाल होने वाले उपकरण विस्फोट और छर्रों के असर को कितनी अच्छी तरह रोक पाते हैं।

**मानक का उद्देश्य :** यह मानक केंद्रीय गृह मंत्रालय और टर्मिनल बैलिस्टिक अनुसंधान प्रयोगशाला के अनुरोध पर विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य निमार्ताओं, खरीद एजेंसियों और परीक्षण संस्थानों को एक समान, वस्तुनिष्ठ और विश्वसनीय मूल्यांकन ढांचा उपलब्ध कराना है।

उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि यह मानक स्वैच्छिक अपनाने के लिए है। उनके अनुसार, इसके लागू होने से मूल्यांकन प्रक्रियाओं में एकरूपता आएगी, गुणवत्ता-आधारित निर्माण को बढ़ावा मिलेगा और महत्वपूर्ण सुरक्षा अभियानों में तैनात बम निस्तारण प्रणालियों पर भरोसा मजबूत होगा।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बताया कि मानक में परीक्षण उपकरणों, परीक्षण क्षेत्र की स्थितियों और मूल्यांकन प्रक्रियाओं से जुड़ी विस्तृत आवश्यकताएं शामिल हैं, ताकि प्रणालियों की प्रभावशीलता का निष्पक्ष आकलन किया जा सके। भारतीय मानक की जरूरत इसलिए महसूस हुई क्योंकि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय मानक या तो सीमित पहुंच वाले हैं या भारत की सुरक्षा एजेंसियों के सामने आने वाले खतरे और परिचालन परिस्थितियों से पूरी तरह मेल नहीं खाते। भारतीय सशस्त्र बल, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, राज्य पुलिस और नागरिक एजेंसियां संघर्ष क्षेत्रों, सैन्य छावनियों और सार्वजनिक स्थानों पर बिना फटे बमों, आईईडी और हैंड ग्रेनेड जैसे खतरों का सामना कर रही हैं।

# मंजूरी के छह महीने बाद धारावी पुनर्विकास को मिली रफ्तार



**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की अगुवाई में चल रही धारावी पुनर्विकास परियोजना ने 2025 में निर्णायक मोड़ लिया। वर्षों से कागजों में सिमटी रही यह बहुप्रतीक्षित योजना अब वास्तविक निर्माण के चरण में पहुंच गई है। इस साल 6.5 एकड़ रेलवे भूमि पर निर्माण कार्य की शुरूआत हुई, जिसे बीते चार दशकों में पहली ठोस प्रगति माना जा रहा है।

यह विकास महाराष्ट्र सरकार द्वारा मुंबई महानगर क्षेत्र में कई भूमि भूखंड आवंटित किए जाने के बाद संभव हुआ है। इन भूखंडों का उपयोग उन निवासियों के पुनर्वास के लिए किया जाएगा, जो धारावी में ऑन-साइट पुनर्विकास के पात्र नहीं हैं।

**यह परियोजना सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर आधारित :** परियोजना को एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) के जरिए लागू किया जा रहा है, जो राज्य सरकार और निजी भागीदार के बीच सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर आधारित है। इस ढांचे में भूमि का स्वामित्व राज्य सरकार के पास रहता है, जबकि एसपीवी विकास अधिकार प्रीमियम का भुगतान कर परियोजना को क्रियान्वित करता है। इसे एक ऐसे प्रोजेक्ट के लिए व्यावहारिक रास्ता बताया गया है, जिसे लंबे समय तक अत्यधिक जटिल माना जाता रहा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एनबीसी और एटी एंड टी ने कारपोरेट और सरकारी धमकियों का इस्तेमाल एफएम रेडियो के आविष्कारक एडविन आर्मस्ट्रांग के जीवन को नष्ट करने के लिए किया, जिससे उनको आत्महत्या करनी पड़ी।
- लियो फेंडर, टेलीकास्टर और स्ट्रैटेकास्टर के आविष्कारक, गिटार नहीं बजा सकते थे।
- रॉबर्ट टेलर, साबुन-में-एक-पंप-बोतल (सोफ्ट्सओप) के आविष्कारक को पता था कि कोलगेट जैसे बड़े प्रतियोगियों अपने उत्पाद की प्रतिलिपि करने का प्रयास करेंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे उसे प्रतिलिपि नहीं कर सके, उन्होंने अमेरिका में हर छोटी बोतल हाथ पंप (100 मिलियन बोतलों) खरीदा।
- एडिसन ने साल 1 9 03 में एक हाथी को बिजली का झटका दे दिया था ताकि टेस्ला के एसी करंट को खतरनाक साबित कर सके।
- बबल व्रैप के, अल्फ्रेड फील्डिंग और मार्क चावेंस आविष्कारक मूल रूप से 3 डी प्लास्टिक वॉलपेपर बनाने की कोशिश कर रहे थे, जो कि उनकी विफलता थी।

## राशिफल

**मेष :** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष :** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन :** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क :** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह :** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला :** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर :** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

भिखारी - दे दे बाबा...
संता - नहीं है, मेरे पास कुछ नहीं है...!
भिखारी - पांच रुपये का सवाल है बाबा...
संता - हां पूछो, क्या पता मुझे आता हो...!
भिखारी बेहोश...

बॉयफ्रेंड : सुनो जरा
गर्लफ्रेंड : चुप रहो, खाते टाइम लोगों को बात नहीं करनी चाहिए।
खाने के बाद करना
गर्लफ्रेंड : अब बोलो
बॉयफ्रेंड : तेरी प्लेट में मच्छर था।

एक बेवकूफ पति अपनी पत्नी से कहता है
कि कभी कभी चुप भी रहा करो।
मगर एक बुद्धिमान पति कहता है कि तुम्हारे लब जब
खामोश रहते हैं तो चेहरा बेहद हसीन लगता है।

## 28 12 2025 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# भारत ने आठ विकेट से जीता तीसरा टी20 मैच

## श्रीलंका के खिलाफ 3-0 से हासिल की अजेय बढ़त

**तिरुवनंतपुरम।** शेफाली वर्मा की नाबाद अर्धशतकीय पारी की मदद से भारत ने श्रीलंका को तीसरे टी20 मैच में आठ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका के खिलाफ जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली। इससे पहले हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम ने शुरूआती दोनों मुकाबलों में क्रमशः आठ और सात विकेट से हराया था। अब दोनों टीमें चौथे मुकाबले के लिए 28 दिसंबर को आमने-सामने होंगी।

शेफाली ने दिलाई जीत

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला टीम की शुरूआत झटके के साथ हुई। कविषा दिलहारी ने उपकप्तान स्मृति मंधाना को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह सिर्फ एक रन बना सके। इसके बाद दिलहारी ने जेमिमा रोड्रिग्स को बोल्ड किया। वह सिर्फ नौ रन बना पाईं। वहीं, शेफाली वर्मा ने 24 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और वह 79 रन बनाकर नाबाद रहीं। इसके अलावा





कप्तान हरमनप्रीत कौर भी 21 रन बनाकर नाबाद रहीं। इस तरह भारत ने 13.2 ओवर में दो विकेट पर 115 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

**रेणुका के चार विकेट, दीप्ति का ऐतिहासिक रिकॉर्ड**

तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने शानदार वापसी करते हुए चार विकेट झटके, जबकि दीप्ति शर्मा ने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इन दोनों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शुक्रवार को खेले गए तीसरे मुकाबले में श्रीलंका को 7 विकेट पर 112 रन तक सीमित कर दिया।

दिसंबर 2024 के बाद अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय खेल रही रेणुका (4/21) ने नई गेंद से वही किया, जिसके लिए वह जानी जाती हैं। श्रीलंका के शीर्ष क्रम को झकझोरते हुए मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया। वहीं, दीप्ति शर्मा (3/18) ने समय-समय पर अहम सफलताएं दिलाईं और अपनी 151वीं टी20 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की मेगन शुट के साथ महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं।

सीरीज में बने रहने की कोशिश कर रही श्रीलंका को हसिनी परेरा (25) ने तेज शुरूआत दिलाई। उन्होंने रेणुका के पहले ओवर में दो चौकों की मदद से 12 रन बटोरे। परेरा ने संयम और आक्रामकता का अच्छा मिश्रण दिखाया और विकेटकीपर के ऊपर से स्कूप शॉट खेलकर भी बाउंड्री लगाई, जिससे कप्तान चामरी अटापट्टू (3) पर दबाव नहीं आने दिया।

हालांकि, भारत ने जल्द ही वापसी की। दीप्ति ने अटापट्टू को आउट कर पहला बड़ा झटका दिया, जब चार्ज करने की कोशिश में उनका शॉट टॉप एज होकर हरमनप्रीत कौर के हाथों में चला गया। इसके बाद रेणुका ने अपने दूसरे स्पेल में छठे ओवर में दो विकेट झटके। उन्होंने पहले अच्छी फॉर्म में चल रही हसिनी परेरा को आउट किया और फिर

**दोनों टीमों की प्लेइंग 11 इस प्रकार है**

**भारत :** स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, श्री चरणी।

**श्रीलंका :** चामरी अटापट्टू (कप्तान), हंसिनी परेरा, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षिका सिल्वा, इमेशा दुलानी, कौशानी नुथ्यांगना (विकेटकीपर), मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, मल्की मदारा, निमशा मदुशानी।

**भारत ने श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली।**

शानदार कैच एंड बॉल्ड के जरिए हर्षिता समरविक्रमा (2) को पवेलियन भेजा। इससे श्रीलंका का स्कोर 32/3 हो गया। रेणुका ने 10वें ओवर में निलक्षिका सिल्वा को एलबीडब्ल्यू आउट कर भारत की पकड़ और मजबूत कर दी। कविषा दिलहारी (20) और इमेशा दुलानी ने 40 रन की साझेदारी कर श्रीलंका को संभालने की कोशिश की, लेकिन जैसे ही टीम वापसी करती दिखी, दीप्ति ने दिलहारी को आउट कर अपने टी20 करियर का 150वां विकेट पूरा किया। इसके बाद रेणुका और दीप्ति ने नियमित अंतराल पर विकेट लेते हुए श्रीलंका को कभी लय में नहीं आने दिया और टीम को एक औसत से भी कम स्कोर पर रोक दिया।

# एशेज में 123 साल में पहली बार हुआ यह कारनामा

## रिचर्ड्स-सहवाग के क्लब में शामिल हुए ब्रूक

**मेलबर्न।** मेलबर्न टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरने के साथ एशेज इतिहास में 123 साल बाद एक दुर्लभ रिकॉर्ड बना। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 110 पर समेटकर बढ़त बनाई, जबकि हैरी ब्रूक ने रिचड्र्सझसहवाग जैसे दिग्गजों के क्लब में जगह बनाकर व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल की। तेज गेंदबाजों के नाम रहा यह दिन एशेज इतिहास के यादगार पलों में दर्ज हो गया।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में खेली जा रही एशेज सीरीज में पिछले 123 साल में यह पहली बार हुआ है जब किसी टेस्ट के पहले दिन 20 या उससे अधिक विकेट गिरे हों।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का



फैसला लिया, जिसे उनके गेंदबाजों ने पूरी तरह सही साबित किया। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए चार रन बना लिए और उसकी कुल बढ़त 46 रन की हो चुकी है।

**123 साल बाद दोहराया गया एशेज इतिहासः** ऑस्ट्रेलिया की धरती पर एशेज में 1901/02 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी टेस्ट के पहले दिन 20 या इससे ज्यादा विकेट गिरे हों।

# क्या इंग्लैंड की जीत और ऑस्ट्रेलिया की हार से बदला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का समीकरण

**मेलबर्न।** इस जीत से इंग्लैंड को 12 अंक मिले हैं, लेकिन टीम अभी भी 35.19% अंक प्रतिशत के साथ सातवें स्थान पर है। बेन स्टोक्स की टीम को इस जीत से आत्मविश्वास जरूर मिला है, मगर शीर्ष दो में पहुंचने के लिए उन्हें आगे लगभग परफेक्ट प्रदर्शन करना होगा।

बॉक्सिंग डे टेस्ट में इंग्लैंड ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (MCG) पर ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर बड़ा उलटफेर किया। भले ही ऑस्ट्रेलिया पहले ही एशेज सीरीज 3-0 से अपने नाम कर चुका था, लेकिन यह जीत इंग्लैंड के लिए बेहद खास रही। यह 19 टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड की पहली जीत है, जिसने मेहमान टीम का लंबा सूखा खत्म कर दिया।

**WTC पॉइंट्स टेबल पर पड़ा बड़ा असरः** इस नतीजे का सबसे बड़ा असर आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2025-2027 की पॉइंट्स टेबल पर पड़ा है। इस टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया का प्वाइंट्स परसेंटेज (PCT) 100% था, लेकिन हार के बाद यह घटकर 85.71% रह गया। यह इस चक्र में ऑस्ट्रेलिया की पहली हार है, जिससे बाकी टीमों के लिए मुकाबला खुल गया है।

हार के बाद भी शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया

हार के बावजूद ऑस्ट्रेलिया अभी भी टेबल में पहले स्थान पर बना हुआ है और फाइनल में पहुंचने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। हालांकि, न्यूजीलैंड के साथ उसका फासला कम हुआ है, जिससे शीर्ष स्थान की दौड़ अब दोबारा रोचक हो गई है।



### इंग्लैंड को मिली राहत, लेकिन रास्ता अभी लंबा

इस जीत से इंग्लैंड को 12 अंक मिले हैं, लेकिन टीम अभी भी 35.19% अंक प्रतिशत के साथ सातवें स्थान पर है। बेन स्टोक्स की टीम को इस जीत से आत्मविश्वास जरूर मिला है, मगर शीर्ष दो में पहुंचने के लिए उन्हें आगे लगभग परफेक्ट प्रदर्शन करना होगा।

### न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका को फायदा

ऑस्ट्रेलिया के अंक गंवाने से सबसे ज्यादा फायदा न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका को हुआ है। न्यूजीलैंड 77.78% अंक प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि दक्षिण अफ्रीका 75% पॉइंट पर्सेंटेज के साथ तीसरे नंबर पर बना हुआ है। अब शीर्ष स्थान और फाइनल की दौड़ पूरी तरह खुल चुकी है।

### भारत के लिए क्या मायने रखती है यह हार?

भारत फिलहाल छठे स्थान पर है और उसका अंक प्रतिशत 48.15% है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की मजबूत स्थिति को देखते हुए भारत को आगामी टेस्ट सीरीज में लगभग क्लीन स्वीप जैसा प्रदर्शन करना होगा, तभी वह शीर्ष दो में जगह बना सकता है। इंग्लैंड की जीत से भारत पर सीधा असर नहीं पड़ा है, लेकिन दबाव जरूर बढ़ गया है। एशेज सीरीज का आखिरी टेस्ट अब चार जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (SCG) में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया इस हार के बाद दबदबा दोबारा कायम करना चाहेगा, जबकि इंग्लैंड इस जीत की लय को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपनी स्थिति सुधारने के लिए भुनाने की कोशिश करेगा।

**ICC वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-2027**

| स्थान | टीम | मैच | जीत | हार | ड्रॉ | अंक | PCT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 7 | 6 | 1 | 0 | 72 | 85.71 |
| 2 | न्यूजीलैंड | 3 | 2 | 0 | 1 | 28 | 77.78 |
| 3 | द. अफ्रीका | 4 | 3 | 1 | 0 | 36 | 75.00 |
| 4 | श्रीलंका | 2 | 1 | 0 | 1 | 16 | 66.67 |
| 5 | पाकिस्तान | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 | 50.00 |
| 6 | भारत | 9 | 4 | 4 | 1 | 52 | 48.15 |
| 7 | इंग्लैंड | 9 | 3 | 5 | 1 | 38 | 35.19 |
| 8 | बांग्लादेश | 2 | 0 | 1 | 1 | 4 | 16.67 |
| 9 | वेस्टइंडीज | 8 | 0 | 7 | 1 | 4 | 4.17 |

# इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसके घर में 14 साल बाद टेस्ट जीता

## मेलबर्न में 4 विकेट से हासिल की जीत

**मेलबर्न।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 152 रन पर सिमट गई। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 110 रन पर सिमट गई। इस तरह ऑस्ट्रेलिया को 42 रन की बढ़त हासिल हुई थी। अब ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी 132 रन पर समाप्त हुई और इंग्लैंड के सामने 175 रन का लक्ष्य था, जिसे टीम ने छह विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की एशेज सीरीज के चौथे टेस्ट को इंग्लिश टीम ने दूसरे दिन ही छह विकेट गंवाकर अपने नाम किया। 175 रन के लक्ष्य को इंग्लैंड ने चार विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। हालांकि, इस हार से सीरीज पर कोई फर्क नहीं पड़ा। ऑस्ट्रेलिया शुरूआती तीन टेस्ट जीतकर पहले ही अजेय बढ़त हासिल कर चुकी है।



इंग्लैंड ने इस जीत के साथ आखिरकार जीत का स्वाद चखा और सीरीज की स्थिति फिलहाल 3-1 है। इतना ही नहीं, इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसके घर में 14 साल 11 महीने बाद कोई टेस्ट जीता है। इंग्लैंड ने पिछली बार जनवरी 2011 में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट जीता था।

इसके बाद अब जाकर इंग्लिश टीम ने ऑस्ट्रेलिया में कोई टेस्ट जीता है। 2013/14 में ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर एशेज में कंगारुओं ने 5-0 से जीत हासिल की थी। 2017/18 में ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर एशेज में कंगारुओं ने 4-0 से जीत हासिल की थी। 2021/22 में अपनी सरजमीं पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 4-0 से जीत हासिल की। इस तरह इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया का उनके खिलाफ लगातार 18 जीत के सिलसिले को तोड़ दिया।

**रूट और स्टोक्स की ऑस्ट्रेलिया में पहली टेस्ट जीत**

यूं तो पूरी इंग्लैंड टीम में मौजूद खिलाड़ियों के लिए यह ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पहली जीत है, लेकिन यह बेन स्टोक्स और जो रूट के लिए खास मायने रखता है। इन दोनों की ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पहली टेस्ट जीत है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के हर दौरे पर इन दोनों को हार का सामना करना पड़ा या ड्रॉ पर मैच खत्म हुआ। पहले दिन इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। उनके फैसले को इंग्लिश गेंदबाजों ने सही साबित किया और ऑस्ट्रेलियाई पारी को 152 रन पर समेट दिया। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 110 रन पर सिमट गई।

### महासंघ की जंग में फंसी मुक्केबाजी

**नई दिल्ली।** साल 2025 भारतीय मुक्केबाजी के लिए जितना यादगार रहा, उतना ही विवादों से भरा भी। एक तरफ खिलाड़ी सीमित संसाधनों और मौकों के बीच देश का नाम रोशन करते रहे, वहीं दूसरी ओर भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) अंदरूनी कलह, सत्ता संघर्ष और अदालती लड़ाइयों में उलझा रहा। साल 2025 भारतीय मुक्केबाजी के लिए विरोधाभासों से भरा रहा। एक ओर महासंघ की अंदरूनी राजनीति, अदालती लड़ाइयों और सत्ता संघर्ष ने खेल को झकझोर कर रख दिया, वहीं दूसरी ओर सीमित अवसरों और अस्थिर माहौल के बीच भारतीय मुक्केबाजों ने अंतरराष्ट्रीय रिंग में जज्बा और जुझारूपन दिखाया।

# पीटरसन ने ICC पर उठाए सवाल, मेलबर्न पिच की सही तरीके से जांच की मांग



**मेलबर्न।** मेलबर्न टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरने से इतिहास रच गया। पिच को लेकर केविन पीटरसन ने भारत का उदाहरण देते हुए दोहरे मापदंडों पर सवाल उठाए। गेंदबाजों का बोलबाला रहा और रिकॉर्ड भीड़ के बीच ऑस्ट्रेलिया ने मामूली स्कोर के बावजूद बढ़त हासिल की।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे चौथे एशेज टेस्ट के पहले दिन क्रिकेट इतिहास का एक अनोखा और हैरान करने वाला नजारा देखने को मिला। पहले दिन ही कुल 20 विकेट गिर गए और दो पारियां समाप्त हुईं। जहां एक तरफ इसने मैच को रोमांचक बना दिया है, वहीं दूसरी तरफ फैंस और क्रिकेट पंडित पिच की जमकर आलोचना कर रहे हैं।

टॉस जीतकर इंग्लैंड ने गेंदबाजी चुनी और ऑस्ट्रेलिया को 152 रन पर समेट दिया। इसके बावजूद इंग्लैंड की टीम सिर्फ 110 रन ही बना सकी, जिससे ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 42 रन की बढ़त मिल गई। दिन का खेल खत्म होने के बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने पिच पर सवाल उठाए हैं।

### केविन पीटरसन का पिच पर सवाल

पीटरसन ने इस मैच की पिच को लेकर कड़ा सवाल उठाया और भारत का उदाहरण देते हुए एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'जब अगर भारतीय पिच पर किसी टेस्ट मैच के पहले ही दिन विकेटों की बरसात होती है, तो भारत को हमेशा कटघरे में खड़ा कर दिया जाता है। इसलिए मुझे उम्मीद है कि इस बार ऑस्ट्रेलिया की पिच को लेकर भी वही जांच और सवाल उठेंगे। आखिर निष्पक्षता होनी चाहिए। सबके लिए बराबर नियम होने चाहिए।' पीटरसन के इस बयान ने पिच की निष्पक्षता और आईसीसी के दोहरे मापदंडों पर बहस छेड़ दी है।

### रिकॉर्ड भीड़ की मौजूदगी

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 132 रन बनाए। 42 रन की बढ़त टीम को पहले से हासिल थी। इस तरह दोनों को जोड़कर इंग्लैंड के सामने 175 रन का लक्ष्य है। इस ऐतिहासिक दिन (जब 20 विकेट गिरे) को देखने के लिए एमसीजी में 94,199 दर्शक पहुंचे, जो क्रिकेट इतिहास में एक दिन की सबसे बड़ी भीड़ है।

इससे पहले यह रिकॉर्ड 2015 वर्ल्ड कप फाइनल (93,013) के नाम था। इंग्लैंड पहले तीनों टेस्ट हार चुका है, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ 11 दिन में एशेज सीरीज अपने नाम कर ली है। यह टेस्ट अब सम्मान और रिकॉर्ड्स की लड़ाई बन चुका है।

# श्रीलंका के खिलाफ सीरीज जीतकर गदगद हुईं हरमनप्रीत कौर

**तिरुवनंतपुरम।** भारत ने श्रीलंका के खिलाफ महिला टी20 सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बनाते हुए टी20 विश्व कप से पहले आक्रामक खेल का अपना लक्ष्य हासिल किया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की तारीफ करते हुए इसे टीम की सफलता की सबसे बड़ी वजह बताया।

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शुक्रवार को कहा कि श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज जीतकर टीम ने अपना उद्देश्य पूरा कर लिया है, जिसमें आक्रामक खेल को अपनाने पर खास जोर दिया गया था। यह रणनीति अगले साल होने वाले



टी20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखकर बनाई गई है। भारत ने तीसरे टी20 मैच में श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। पिछले महीने अपना पहला वनडे विश्व कप जीतने के बाद अब भारतीय टीम का पूरा ध्यान टी20 विश्व कप पर है।

**कप्तान ने की गेंदबाजों की तारीफः** मैच के बाद कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, 'यह सीरीज हम सभी के लिए शानदार रही। विश्व कप के बाद हमने तय किया था कि हमें टी20 क्रिकेट में अपने स्तर को और ऊपर ले जाना है और ज्यादा आक्रामक खेल दिखाना है। विश्व कप नजदीक है, इसलिए टीम के कुल प्रदर्शन से मैं बहुत खुश हूं।' भारतीय कप्तान ने गेंदबाजी इकाई की जमकर तारीफ की और कहा कि पूरी सीरीज में गेंदबाजों ने श्रीलंका को छोटे स्कोर पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, 'टी20 क्रिकेट में गेंदबाजी बहुत अहम होती है। आज हम जिस स्थिति में हैं, वह हमारे गेंदबाजों की वजह से है, इसलिए सारा श्रेय उन्हें जाता है।'

**रेणुका की मुरीद हुईं हरमनप्रीत**

हरमनप्रीत ने बताया कि सीरीज में गेंदबाजों का रोटेशन पहले से तय योजना का हिस्सा था। उन्होंने तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर की भी तारीफ की, जिन्होंने 4 विकेट देकर 21 रन की शानदार वापसी की। उन्होंने कहा, 'हमें पता था कि शुरूआती छह ओवरों में उनका टॉप ऑर्डर काफी अहम है, इसलिए आज हमने रेणुका को गेंदबाजी दी। पहला ओवर वैसा नहीं रहा जैसा हमने सोचा था, लेकिन जिस तरह उन्होंने वापसी करते हुए चार विकेट लिए, वह शानदार था।'

# विजय हजारे में विराट-रोहित की सैलरी कितनी

**मुंबई।** विजय हजारे ट्रॉफी में विराट कोहली और रोहित शर्मा को उनकी स्टारडम के हिसाब से नहीं, बल्कि अनुभव आधारित तय नियमों के तहत 60,000 प्रति मैच मिलते हैं। यह क्ढछ और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से कहीं कम है, लेकिन घरेलू क्रिकेट में समानता और निष्पक्षता बनाए रखने का यह सिस्टम बीसीसीआई की सोच को दशार्ता है।

विराट कोहली और रोहित शर्मा की विजय हजारे ट्रॉफी में वापसी ने भारत की घरेलू वनडे प्रतियोगिता को खास बना दिया है। भले ही इस टूर्नामेंट में आईपीएल जैसी चकाचौंध न हो, लेकिन यह भारत के घरेलू व्हाइट-बॉल कैलेंडर की रीढ़ माना जाता है।

दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी से फैंस के मन में यह सवाल उठना लाजमी है कि आखिर घरेलू टूर्नामेंट में खेलने पर बीसीसीआई इन्हें कितनी सैलरी देती है? विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों ही बीसीसीआई के सेंट्रल



कॉन्ट्रैक्टेड खिलाड़ी हैं और आईपीएल में करोड़ों रुपये कमाते हैं, लेकिन विजय हजारे ट्रॉफी में खिलाड़ियों को उनकी स्टार वैल्यू के आधार पर नहीं, बल्कि तयशुदा नियमों के तहत भुगतान किया जाता है। यहां कोई ऑक्शन नहीं होता, बल्कि अनुभव ही सबसे बड़ा पैमाना होता है।

**विराट और रोहित को कितने पैसे मिलते हैं:** विराट कोहली (दिल्ली) और रोहित शर्मा (मुंबई) दोनों ही 40 से अधिक लिस्ट-ए मैच खेल चुके हैं, इसलिए वे सीनियर कैटेगरी में आते हैं। इसका मतलब है कि उन्हें विजय हजारे ट्रॉफी में 60,000 रुपये प्रति मैच मिलते हैं, जो कि किसी भी अनुभवी घरेलू खिलाड़ी के बराबर है। अभी तक दोनों दो-दो मैच खेल चुके हैं। यानी दोनों एक लाख 20 हजार रुपये की सैलरी बना चुके हैं। तुलना करें तो बीसीसीआई इन दोनों को एक अंतरराष्ट्रीय वनडे मैच खेलने के लिए लगभग छह लाख रुपये देता है, यानी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मैच फीस में जमीन-आसमान का फर्क है।

### मैच फीस के अलावा और क्या मिलता है?

विजय हजारे ट्रॉफी में कमाई सिर्फ मैच फीस तक सीमित नहीं रहती। खिलाड़ियों को डेली अलाउंस (यात्रा, खाना और ठहरने के लिए), परफॉर्मेंस बोनस (मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड बनने पर आमतौर पर 10,000 रुपये दिए जाते हैं) और प्राइज मनी (नॉकआउट और फाइनल खेलने वाली टीमों के लिए) भी मिलती है।


अच्छे प्रदर्शन से खिलाड़ी अपनी कुल कमाई बढ़ा सकते हैं। हालांकि, रोहित और कोहली ने अब तक विजय हजारे में शानदार प्रदर्शन किया है और इसके दम पर वे इस टूर्नामेंट में अधिक कमाई भी कर सकते हैं।

**स्टार हों या डेब्यूटेंट, सबके लिए BCCI के नियम एक जैसे**

# चोट के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर जैक ड्रेपर

**नई दिल्ली।** जैक ड्रेपर चोट के चलते साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूनामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। यह टूनामेंट 18 जनवरी से मेलबर्न में खेला जाना है।

ब्रिटेन के टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर चोट के चलते साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूनामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। यह टूनामेंट 18 जनवरी से मेलबर्न में खेला जाना है। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज 24 वर्षीय ड्रेपर विंबलडन के बाद से केवल एक ही मैच खेल पाए हैं। बायीं बांह की हड्डी में लगी चोट के कारण वह 2025 सत्र में अधिकांश टूनामेंटों से बाहर रहे हैं। ड्रेपर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा, 'दुर्भाग्य से मैंने और मेरी टीम ने इस साल ऑस्ट्रेलिया न जाने का फैसला किया है। यह फैसला लेना बेहद मुश्किल था क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन हमारे खेल के सबसे बड़े टूनामेंटों में से एक है।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं चोट से उबरने के अंतिम चरण में हूं, लेकिन इतनी जल्दी पांच सेटों के मैच खेलने के लिए कोर्ट पर वापसी करना इस समय समझदारी भरा फैसला नहीं होगा।' गौरतलब है कि ड्रेपर ने अगस्त में अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर के मैच से नाम वापस ले लिया था, जिसके बाद वह पूरे सत्र में एक भी मुकाबला नहीं खेल सके। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में ड्रेपर की गैरमौजूदगी से उनके प्रशंसकों को निराशा जरूर होगी, लेकिन खिलाड़ी की प्राथमिकता पूरी तरह से फिट होकर वापसी करने की है।




# नए साल से पहले गाजियाबाद में धारा 163 लागू

## मॉल-होटल-क्लब में 1 बजे के बाद जश्न नहीं, इन कामों पर भी पाबंदी





**क्या नहीं करना होगा?**

- रात 1 बजे के बाद किसी सार्वजनिक जगह, मॉल, होटल या क्लब में जश्न मनाना।
- म्यूजिक सिस्टम को तय सीमा से ज्यादा तेज बजाना।
- सड़क पर शराब पीना, हंगामा करना या तेज रफ्तार से गाड़ी चलाना।
- पटाखे जलाना या किसी भी तरह का आतिशबाजी करना।
- पार्किंग में बिना चेकिंग गाड़ी अंदर ले जाना।

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नए साल 2026 के स्वागत में उत्साह तो भरपूर है, लेकिन दिल्ली पुलिस ने जश्न मनाने वालों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। 31 दिसंबर की रात को सार्वजनिक जगहों पर जश्न सिर्फ रात 1 बजे तक ही मनाया जा सकेगा।

इसके बाद किसी भी तरह की पार्टी या समारोह की अनुमति नहीं होगी। सभी मॉल, रेस्टोरेंट, होटल, क्लब और बैंक्वेट हॉल को भी यही समय सीमा माननी होगी।म्यूजिक सिस्टम की आवाज तय डेसिबल लिमिट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

शांति व्यवस्था बनाए रखने और गुंडागर्दी रोकने के लिए एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की है। यह आदेश 30 दिसंबर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा। भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। शराब की बिक्री भी सिर्फ तय समय तक ही की जा सकेगी।

पुलिस ने पार्किंग ऑपरेटरों को सख्त हिदायत दी है कि बिना उचित चेकिंग के किसी गाड़ी को अंदर न आने दिया जाए। सड़कों पर शराब पीकर हंगामा करना, तेज रफ्तार से वाहन चलाना या स्टंट करना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। वायु प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए पटाखों के इस्तेमाल पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।

> पुलिस का कहना है कि ये प्रतिबंध नागरिकों की सुरक्षा और शहर में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी हैं। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नए साल का जश्न घर में या तय नियमों के अंदर मनाएं, ताकि उत्सव खुशी और सुरक्षा के साथ यादगार बन सके।

# हापुड़ पुलिस ने गांधी बाजार में चलाया जागरूकता अभियान



**हापुड़ करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश पुलिस का मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 नारी सुरक्षा और सम्मान, यह है हम सबका अभिमान के संकल्प के साथ जारी है। इसी क्रम में, हापुड़ के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना पिलखुवा की एंटी रोमियो टीम ने शनिवार को गांधी बाजार क्षेत्र में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

इस कार्यक्रम के दौरान, टीम ने बाजार में उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं से सीधा संवाद किया। उन्हें उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112, 1090 (महिला हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन) और विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, आत्मरक्षा के सरल तरीके और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के उपाय भी बताए गए। महिलाओं ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे अभियानों से उन्हें अधिक सुरक्षित महसूस करने में मदद मिलती है। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस हर संभव कदम उठाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियान जिले भर में लगातार जारी रहेगा।

# हापुड़ में 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

## 85 लाख की लूट का मुख्य आरोपी केरल से हापुड़ लाया जा रहा



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ पुलिस ने 85 लाख रुपये की लूट के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी रिफाकत को केरल से गिरफ्तार कर लिया है। रिफाकत पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस उसे अपनी हिरासत में लेकर हापुड़ ला रही है।

यह लूट की घटना 15 दिसंबर को हुई थी। दादरी निवासी खल, चूरी और घी के व्यापारी गोपाल के मुनीम अजयपाल से बाइक सवार दो बदमाशों ने 85 लाख रुपये लूट लिए थे। बदमाशों ने पिलखुवा के सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास फ्लाईओवर पर मुनीम की बाइक में टक्कर मारकर उसे गिरा दिया और रकम लूटकर फरार हो गए थे। सीसीटीवी फुटेज की जांच में पता चला था कि इस घटना में एक कार भी शामिल थी।

**6 आरोपी पूर्व में पकड़े जा चुके**

इससे पहले, पिलखुवा पुलिस और स्वाट टीम ने इस मामले में छह बदमाशों को गिरफ्तार किया था। इनमें गांव खागोई निवासी जीशान, गांव बक्सर सिंभावली निवासी साबिर उर्फ भोला, गांव अकबरपुर पट्टी निवासी ललित, अदनान, सावेद और जिला अमरोहा निवासी नावेद शामिल थे। आरोपी साबिर और जीशान पीड़ित व्यापारी के यहां पल्लेदारी करते थे और उन्होंने ही लूट की योजना बनाई थी तथा मुखबिरी की थी। साबिर और जीशान ने अपने परिचित ललित और रिफाकत को इस योजना की जानकारी दी थी। ललित और रिफाकत ने अदनान, सावेद, नावेद और दो अन्य युवकों को भी इस लूट की योजना में शामिल किया था। इसके बाद ललित और रिफाकत ने मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस तभी से रिफाकत समेत चार फरार आरोपियों की तलाश कर रही थी।

पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी रिफाकत को केरल से हिरासत में लिया गया है। उस पर पहले से ही एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक केजी सिंह ने बताया कि बदमाश को पकड़ लिया गया है और हापुड़ पहुंचने पर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# करोड़पति बनाने का झांसा देकर इंजीनियर से 22 लाख की ठगी




**नोएडा।** साइबर जालसाज महिला ने करोड़पति बनाने का झांसा देकर एक इंजीनियर से 22 लाख रुपये की ठगी कर ली। महिला ने शेयर मार्केट व आईपीओ में निवेश में मुनाफे का झांसा देकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया।

साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। ग्रेटर नोएडा के रहने वाले अर्पित कुमार एक निजी कंपनी में इंजीनियर हैं। अर्पित के पास पांच नवंबर को टेलीग्राम पर एक आईडी से मैसेज आया। मैसेज करने वाली महिला ने अपना नाम सान्वी बताया। इसके बाद अर्पित और महिला के बीच टेलीग्राम पर ही बातचीत होने लगी। फिर मोबाइल नंबर का आदान प्रदान किया गया। करीब एक सप्ताह बात करने के बाद महिला ने अर्पित से कहा कि वह शेयर बाजार और ट्रेडिंग में निवेश कर लाखों रुपये प्रतिमाह घर बैठे ही कमा रही है। वह जितनी रकम निवेश करती है लगभग उतना ही उसे मुनाफा मिल जाता है। उसने अर्पित को शेयर ट्रेडिंग में निवेश के लिए प्रेरित किया।

जब अर्पित निवेश के लिए तैयार हो गए तब सान्वी ने बेहतर फैसला बताते हुए सावित्री नाम की महिला से बात कराई। दोनों महिलाओं ने इंजीनियर को झांसे में लेकर गोमार्केट ग्लोबल सीएस टेलीग्राम ग्रुप पर जोड़ लिया। जहां पर अर्पित को शेयर मार्केट में निवेश करने की तकनीकी जानकारी दी गई। शिकायतकर्ता को बाकायदा निवेश संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उसी ग्रुप के नाम की वेबसाइट पर अर्पित का रजिस्ट्रेशन कराया गया। पीड़ित ने ठगों के बातों में आकर निवेश करना शुरू कर दिया। उन्होंने पांच से अधिक बार में कुल 22 लाख 20 हजार रुपये निवेश किए।

# होटल रिव्यू टास्क का झांसा देकर गाजियाबाद के युवक से 8 लाख की ठगी, जांच में जुटी पुलिस

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के सिहानी गेट थाना क्षेत्र के पटेल नगर निवासी एक व्यक्ति से साइबर ठगों ने टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर होटल रिव्यू टास्क पूरा करने के नाम पर करीब 8 लाख रुपये की ठगी कर ली। इस मामले में पीड़ित सोनू कुमार ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है और ठगी गई रकम को फ्रीज कराने का प्रयास किया जा रहा है।

पीड़ित सोनू कुमार ने बताया कि 12 दिसंबर को उनके मोबाइल फोन पर वॉट्सऐप के जरिए एक मैसेज आया था। मैसेज में होटल के रिव्यू और रेटिंग करने पर अच्छी कमाई होने का दावा किया गया था। शुरूआत में सोनू को यह एक सामान्य ऑनलाइन काम लगा और उन्होंने मैसेज में दिए गए लिंक पर क्लिक कर होटल का रिव्यू किया। इसके बदले उन्हें तुरंत 120 रुपये उनके खाते में ट्रांसफर कर



दिए गए। यह भुगतान देखकर सोनू को योजना पर भरोसा हो गया।

इसके बाद ठगों ने सोनू को टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया और बताया कि यहां ज्यादा टास्क पूरे करने पर ज्यादा कमाई होगी, लेकिन इसके लिए कुछ धनराशि निवेश करनी पड़ेगी। शुरूआती चरण में उनसे चार टास्क के नाम पर करीब दो हजार रुपये ट्रांसफर कराए गए। इसके बदले सोनू को 2800 रुपये वापस मिले। इससे उनका भरोसा और मजबूत हो गया और उन्होंने ठगों की बातों पर पूरी तरह यकीन कर लिया।

इसके बाद शातिरों ने धीरे-धीरे बड़े टास्क के नाम पर निवेश बढ़वाना शुरू कर दिया। अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर कराने के लिए दबाव बनाया गया और भरोसा दिलाया गया कि रकम के साथ मुनाफा भी जल्द वापस मिल जाएगा। इसी झांसे में आकर सोनू ने कुल 8.16 लाख रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए।

जब सोनू ने अपनी जमा की गई रकम वापस निकालने की बात कही, तो ठगों ने बहाने बनाना शुरू कर दिया और रकम निकालने के लिए और पैसे जमा कराने की मांग करने लगे। संदेह होने पर सोनू ने और पैसे देने से इनकार किया, जिसके बाद ठगों ने उनसे संपर्क तोड़ दिया।

पीड़ित को ठगी का अहसास होने पर उन्होंने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। ठगी गई रकम को फ्रीज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऑनलाइन टास्क, टेलीग्राम ग्रुप और निवेश से जुड़े लुभावने ऑफर्स से सावधान रहें।

उधर ट्रांस हिंडन खोडा क्षेत्र में डॉक्टर की अपॉइंटमेंट लेने के दौरान साइबर ठगों ने एक युवक का मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद ही बार में खाते से एक लाख रुपये निकाल लिए। मोबाइल सही होने पर मेसेज आने पर ठगी का पता चला। मामले में खोड़ा निवासी हरीश शर्मा ने खखेड़ा थाने में केस दर्ज कराया है। बताया कि वह मोबाइल से नोएडा के एक निजी अस्पताल की ऑनलाइन अपॉइंटमेट बुक कर रहे थे। इस दौरान उन्हें एक फार्म भरने के लिए कहा, जिसके बाद 10 रुपये बताए गए खाते में भेजने के निर्देश थे। पेनेट करने के दौरान उनका मोबाइल हैक हो गया। कुछ देर बाद फोन सामान्य हुआ तो उनके खाते से दो बार में एक लाख रुपये निकलने का मेसेज आया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि मामले में जच की जा रही है।

# मंदिर से घर लौट रहे सेवानिवृत फौजी पर कार सवार बदमशों ने की तीन राउंड फायरिंग, गोली लगने से घायल

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव श्यामपुर जट्ट में मंदिर से पूजा अर्चना कर घर लौट रहे गांव निवासी सेवानिवृत फौजी कर्मवीर सिंह (62) पर कार सवार चार बदमाशों ने तीन राउंड फायरिंग कर दी। गोली लगने से फौजी घायल हो गया। परिजनों ने फौजी को मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। पारावारिक विवाद में फौजी को गोली मारने की आशंका जताई जा रही है। सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव निवासी कर्मवीर सिंह सेवानिवृत फौजी हैं। शनिवार की सुबह करीब छह बजे वह गांव स्थित मंदिर में पूजा अर्चना करने गए थे। लौटते समय मंदिर के पास रास्ते में कार सवार चार बदमशों ने उन पर तीन राउंड फायरिंग कर दी। इसमें गोली लगने से वह घायल होकर जमीन पर गिर गए। इस दौरान घटना को अंजाम देकर कार सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। किसी तरह फौजी लहूलुहान अवस्था में अपने घर पहुंचे और परिजनों ने



घटना के बारे में जानकारी दी। आननफानन में परिजनों ने उन्हें मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया।

फौजी पर फायरिंग की सूचना पर सीओ वरुण मिश्रा व कोतवाल मुनीष प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की। बताया जा रहा है घायल फौजी ने हमलावरों के नाम अपने परिजनों को बताए हैं। हालांकि अस्पताल में फौजी की हालत स्थिर बताई जा रही है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। हालांकि घटना के संबंध में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर निष्पक्ष जांच कर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# जीबीयू में नौकरी व फीस में धांधली पर लोकायुक्त ने मांगा जवाब

## नियमों को दरकिनार कर शिक्षकों की नियुक्ति का आरोप, जीबीयू प्रशासन ने कहा-नहीं मिला पत्र




**ग्रेटर नोएडा।** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) में नौकरी व फीस में धांधली के आरोपों पर लोकायुक्त ने विश्वविद्यालय प्रशासन को तलब किया है। लोकायुक्त की ओर से 20 जनवरी तक जवाब देने का समय दिया गया है। आरोप है कि कुलपति और उप कुलसचिव ने शिक्षकों की भर्ती में नियमों को दरकिनार कर अयोग्य शिक्षकों की नियुक्ति कर दी। वहीं छात्रों की फीस में हो रहे घोटाले में विश्वविद्यालय के अकाउंट ऑफिसर को भी तलब कर लिया है।

समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारी मोहित नागर ने वीडियो जारी करके आरोप लगाएं हैं कि फरवरी में कुलपति ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद से नियमों को दरकिनार कर लगातार नियुक्तियां की हैं। आरोप है कि भूगोल के शिक्षक को समाजशास्त्र विभाग में नियुक्त किया है जबकि विश्वविद्यालय में भूगोल पढ़ाया ही नहीं जाता है।

करीब 15 वर्षों से कार्यरत किसी भी शिक्षक को प्रमोशन नहीं देकर शोषण किया जा रहा है तथा अपने चहेतों को भर्ती करके पुराने शिक्षकों का शोषण किया जा रहा है। महिला सहपाठी जिसको एक भी दिन का पढ़ाने का अनुभव नहीं है। उसकी प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति करके पहले ही दिन डीन बना कर वेतन में इंक्रीमेंट दिया गया।

वहीं जीबीयू के जनसंपर्क अधिकारी विनीत का कहना है कि लोकायुक्त से कोई पत्र नहीं मिला है। पत्र मिलने के बाद इस मामले पर कुछ कहा जा सकेगा।

# पिस्टल के बल पर बंधक बनाकर पीटा

**नोएडा।** कोतवाली क्षेत्र के झालड़ा गांव निवासी एक व्यक्ति को रुपये के लेन-देन में पिस्टल के बल पर बंधक बनाकर पीटने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोसी गांव के एक व्यक्ति और उसके दो बेटों ने पहले पिस्टल के बल पर बंधक बनाया और फिर कमरे में तीन घंटे तक बंदकर पिटाई की।

पीड़ित को गंभीर चोटें आई हैं। शनिवार को पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पिता और उसके दो बेटों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित चरण सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि बुधवार की शाम वो अपने खेत पर घूमने गए थे। तभी जुनेदपुर गांव निवासी दो सगे भाई अनुज और मनोज वहां पहुंचे और पिस्टल के बल पर गाड़ी में बैठाकर घर ले गए। जहां कमरे में बंदकर अपने पिता कर्मवीर के साथ मिलकर करीब तीन घंटे तक पिटाई करते रहे।

गंभीर रूप से घायल होने पर गाड़ी में डालकर वापस खेत पर छोड़कर फरार हो गए। वारदात की जानकारी होने पर पीड़ित के परिजन खेत पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नेहरू युवा केंद्र पर सह-भोज के साथ एक महत्वपूर्ण संयुक्त वार्ता का आयोजन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नेहरू युवा केंद्र, अंबेडकर रोड पर सह-भोज के साथ एक महत्वपूर्ण संयुक्त वार्ता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एसीपी कविनगर सूर्यबली, थाना कविनगर के इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा, सांसद प्रतिनिधि एवं नेहरू युवा केंद्र के अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल, नेहरू यूथ सेंटर के महामंत्री वीरेंद्र कुमार वीरों, सुनील गर्ग, विकास मित्तल, रविंद्र मित्तल तथा भारत सरकार के हिंडन सिविल एयरपोर्ट एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य संजीव मित्तल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सह-भोज के दौरान समाज एवं प्रशासन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जनहित से संबंधित अनेक पहलुओं पर उपस्थितजनों ने अपने-अपने सुझाव साझा किए तथा पारस्परिक सहयोग, आपसी समन्वय और सकारात्मक संवाद को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर सहमति व्यक्त की गई।

इस अवसर पर समाजसेवी रमन शर्मा, चेतन शर्मा, दुष्यंत गुप्ता, राकेश अग्रवाल, अंकुर गोयल, अनुज मित्तल (मेदी वाले) सहित अनेक सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## रबी फसलों के लिए 31 दिसंबर तक बीमा कराएं

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिले में किसान अब रबी फसल के लिए 31 दिसंबर तक बीमा का पंजीकरण करा सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि योजना के तहत किसान कम प्रीमियम देकर अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं। अधिकारी ने बताया कि जिले में रबी फसल के लिए गेहूं, लाही एवं सरसों को अधिसूचित किया गया है। जिसके लिए गेहूं की फसल के लिए 1338 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम वहीं लाही एवं सरसों के लिए 1039.50 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम है। आवेदन करने के लिए किसान पास आधार कार्ड, बैंक खाते की पासबुक, फसल बुवाई का घोषणा पत्र का होना आवश्यक है। इस बीमा का लाभ किसानों को फसल में होने वाले नुकसान के दौरान दिया जाता है। फसल की असफल वृद्धि, फसल को प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान होने पर इस बीमा का लाभ दिया जाता है।

# फलैदा बूथ पर टोल के विवाद में कर्मचारियों व ग्रामीणों के बीच मारपीट

**नोएडा।** कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के फलैदा टोल बूथ के दो कर्मचारियों और ग्रामीणों के बीच टोल टैक्स को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया।

पुलिस ने मौके से चार टोल बूथ कर्मचारियों के साथ 5 ग्रामीणों को गिरफ्तार किया है। सभी पर शांतिभंग की कार्रवाई की है। वहीं जेवर टोल प्लाजा के वरिष्ठ प्रबंधक ने इस मामले में तीन नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। ग्रामीणों का कहना है कि टोल कर्मचारियों ने बदतमीजी और पथराव कर मारपीट की। जेवर टोल प्लाजा वरिष्ठ प्रबंधक अनुज कुमार ने शिकायत में आरोप लगाया है कि यमुना



एक्सप्रेसवे पर आगरा से नोएडा जाने वाली सड़क पर फलैदा टोल बूथ बना हुआ है। 26 दिसंबर की रात करीब 8:45 बजे बूथ पर कर्मचारी धर्मेंद्र और होशियार सिंह मौजूद थे। तभी वहां पर एक कार पहुंची। आरोप है कि कर्मचारी ने कार चालक से टोल मांगा तो चालक समेत कार में सवार अन्य लोगों ने कर्मचारियों के साथ गाली गलौज कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। वरिष्ठ प्रबंधक ने रबूपुरा क्षेत्र के तिरथली गांव निवासी शाकिर, जिशान

> जेवर टोल प्लाजा वरिष्ठ प्रबंधक अनुज कुमार ने शिकायत में आरोप लगाया है कि यमुना एक्सप्रेसवे पर आगरा से नोएडा जाने वाली सड़क पर फलैदा टोल बूथ बना हुआ है

सैफी, मुकर्रम और कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

तिरथली के पूर्व ग्राम प्रधान शाहिद मंजूर का आरोप है कि गांव की गाड़ियों से टोल शुल्क नहीं लिया जाता है। शुक्रवार को रिश्तेदार की गाड़ी टोल बूथ पर पहुंची थी तो उससे टोल मांगा गया। आरोप है कि वहां मौजूद कर्मचारियों ने फलैदा गांव के कुछ युवकों को बुला लिया, जिन्होंने उनके साथ मारपीट की। उसके बाद तिरथली गांव के भी कुछ लोग पहुंच गए। दोनों तरफ से मारपीट हुई। मारपीट में तिरथली गांव निवासी मुनज्जम को आंख के नीचे चोट लगी है। उनका कहना है कि इस मामले में फैसला हो गया था लेकिन अगर टोल प्रबंधन ने मामला दर्ज कराया है तो वो भी पुलिस से शिकायत करेंगे।

पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के 9 लोगों को मौके से गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई की गई है। इनमें टोल कर्मचारी धर्मेंद्र निवासी आगरा, होशियार निवासी हाथरस, सुरक्षा सुपरवाइजर दिनेश व मनीष निवासी फलैदा को गिरफ्तार किया है जबकि तिरथली गांव के आरीफ, नन्हे, सल्लम, जुनेद और दिलशाद निवासी रबूपुरा को गिरफ्तार किया गया है।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वेट्रन क्रिकेट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने अपनी नन्ही परी और तीसरी पीढ़ी यानी नन्ही पोती के पहली बार घर आने पर अपनी खुशी को साझा किया। इद्रथी की खुशी को बाबा के रूप में रविन्द्र त्यागी ने फेसबुक पोस्ट बनाया। नन्ही परी के लिए बधाई, आशीर्वाद, शुभकामनाओं का एक सैलाब उमड़ आया। नन्ही परी इद्रथी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## चीन में दिखने लगा है सब्सिडी कटौती का असर

# नवंबर में टोयोटा की वैश्विक बिक्री और उत्पादन में गिरावट

**नई दिल्ली।** नवंबर महीने में (टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन) की वैश्विक बिक्री और उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई। इसका सबसे बड़ा कारण चीन में मांग का कमजोर पड़ना रहा। जहां इलेक्ट्रिक और ईंधन-किफायती कारों की बिक्री को बढ़ावा देने वाली सरकारी सब्सिडी को बंद कर दिया गया है।

### वैश्विक बिक्री और उत्पादन में गिरावट

कंपनी के अनुसार, उसकी वैश्विक बिक्री, जिसमें दाइहात्सु मोटर कंपनी और हिनो मोटर्स लिमिटेड भी शामिल हैं, पिछले साल की तुलना में 1.9 प्रतिशत घटकर 9,65,919 यूनिट्स रह गई। इसी दौरान कुल उत्पादन 3.4 प्रतिशत घटकर 9,34,001 वाहनों पर आ गया।

### अनिश्चित वैश्विक माहौल में ऑटो उद्योग की चुनौती

दुनियाभर के वाहन निमार्ता व्यापारिक तनाव, नियमों में बदलाव और अनिश्चित आर्थिक हालात के बीच काम कर रहे हैं। टोयोटा के ये नतीजे इस बात का संकेत देते हैं कि लंबी अवधि की मजबूत मांग के बावजूद, अल्पकालिक नीतिगत और आर्थिक दबाव उद्योग के लिए चुनौती बने हुए हैं।

### चीन में टोयोटा-लेक्सस की बिक्री में तेज गिरावट

कंपनी ने बताया कि नवंबर में चीन में टोयोटा और लेक्सस ब्रांड की बिक्री 12 प्रतिशत घट गई। इसकी वजह प्रमुख शहरों में ट्रेड-इन सब्सिडी का खत्म होना बताया गया, क्योंकि इसके लिए आवंटित फंड समाप्त हो चुके हैं। यह गिरावट ऐसे समय आई है जब नवंबर से चीन और जापान के बीच कूटनीतिक तनाव भी बढ़ा है। जिसके चलते चीन ने अपने नागरिकों को जापान यात्रा को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी।

अलग-अलग देशों में उत्पादन का




**टोयोटा मोटर कॉर्प की सेल्स और प्रोडक्शन नवंबर में गिर गया, जिसका बड़ा कारण चीन में आई तेज गिरावट थी। क्योंकि चीन ने इलेक्ट्रिक और फ्यूल-एफिशिएंट कारों की सेल्स बढ़ाने के लिए दी जाने वाली सब्सिडी बंद कर दी है।**

मिला-जुला रुझान

नवंबर में टोयोटा का उत्पादन थाईलैंड में 15 प्रतिशत और अमेरिका में 9 प्रतिशत बढ़ा। इसके उलट चीन में उत्पादन 14 प्रतिशत, जापान में 9.7 प्रतिशत और ब्रिटेन में 7.9 प्रतिशत घट गया, जिससे वैश्विक स्तर पर असंतुलन साफ दिखाई दिया।

**यूरोप और ईवी नीति में बदलाव का असर**

इस महीने यूरोपियन यूनियन द्वारा इंटरनल कंबशन इंजन (आंतरिक दहन इंजन) पर प्रभावी प्रतिबंध को आंशिक रूप से वापस लेने के फैसले से पारंपरिक वाहन निमार्ताओं को कुछ राहत मिलती दिखी है। हालांकि, इससे उन चीनी ईवी निमार्ताओं को भी मौका मिल सकता है, जो यूरोपीय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहते हैं।

### अमेरिका में टैरिफ और ट्रंप फैक्टर

टोयोटा अमेरिका में संभावित ऊंचे टैरिफ को लेकर भी दबाव में है, क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप कारों और ऑटो पार्ट्स के आयात पर कड़े शुल्क लगाने की तैयारी कर रहे हैं। हाल ही में टोयोटा ने अमेरिका में बने अपने तीन मॉडलों को जापान भेजने का फैसला किया। जिसे ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कदम माना जा रहा है।

### होंडा को भी चीन में झटका

होंडा मोटर कॉर्पोरेशन के लिए भी नवंबर चुनौतीपूर्ण रहा। कंपनी की बिक्री 15 प्रतिशत घटकर 2,73,681 यूनिट्स रह गई, जिसमें चीन में 34 प्रतिशत की भारी गिरावट शामिल है। वहां होंडा की बिक्री लगातार 22 महीनों से गिर रही है। सेमीकंडक्टर की कमी के चलते उत्तरी अमेरिका में उत्पादन 61 प्रतिशत तक घट गया।

### निसान की स्थिति मिली-जुली

निसान मोटर कॉर्पोरेशन का वैश्विक उत्पादन नवंबर में 4.2 प्रतिशत घटकर 2,57,008 यूनिट्स रहा। हालांकि, चीन में उसके कुछ नए इलेक्ट्रिक मॉडलों की लोकप्रियता के कारण वहां उत्पादन 22 प्रतिशत बढ़ा। इसके बावजूद, वैश्विक स्तर पर निसान की बिक्री नवंबर में 4.9 प्रतिशत कम दर्ज की गई।

### उद्योग पर बढ़ता दबाव

नवंबर के ये आंकड़े दिखाते हैं कि चीन में सब्सिडी में कटौती, भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला की समस्याएं मिलकर वैश्विक ऑटो उद्योग पर दबाव बढ़ा रही हैं। टोयोटा सहित जापानी वाहन निमार्ता इस बदलते माहौल में संतुलन साधने की कोशिश में जुटे हुए हैं।

## मलयेशिया के पूर्व नेता नजीब रजाक को 15 साल की जेल और भारी जुमार्ना

**नई दिल्ली।** जेल में बंद मलयेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक को शुक्रवार को 1एमडीबी राज्य निवेश कोष से अरबों डॉलर की लूट से जुड़े उनके सबसे बड़े भ्रष्टाचार मुकदमे में दोषी ठहराए जाने के बाद 15 साल की सजा और 13.5 अरब रिंगिट (3.3 अरब अमेरिकी डॉलर) का भारी जुमार्ना और संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया गया।

देश के उच्च न्यायालय ने 72 वर्षीय नजीब को सत्ता के दुरुपयोग के चार मामलों और 1MDB फंड से उनके व्यक्तिगत बैंक खातों में स्थानांतरित किए गए 700 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की धनराशि से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग के 21 आरोपों में दोषी पाया।

न्यायमूर्ति कॉलिन लॉरेंस सेक्वेरा ने नजीब को सत्ता के दुरुपयोग के प्रत्येक आरोप के लिए 15 साल और मनी लॉन्ड्रिंग के प्रत्येक आरोप के लिए पांच साल की जेल की सजा सुनाई। ये सजाएं साथ-साथ चलेंगी, जिसका मतलब है कि उसे 15 साल और जेल में बिताने होंगे। जज ने कहा कि नई



सजा 1MDB मामले में उसकी मौजूदा सजा खत्म होने के बाद शुरू होगी।

उन्होंने सत्ता के दुरुपयोग के आरोपों के लिए नजीब पर कुल 11.4 अरब रिंगिट (2.8 अरब अमेरिकी डॉलर) का जुमार्ना लगाया। इसके अलावा, उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग कानूनों के तहत नजीब से 2.08 अरब रिंगिट (514 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की संपत्ति बरामद करने का भी आदेश दिया। यदि नजीब भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो उन्हें कई वर्षों तक जेल में रहना पड़ सकता है।

# कनाडा में भारतीय दूतावास की अहम पहल, संकटग्रस्त महिलाओं के लिए 'वन स्टॉप सेंटर' की शुरूआत

**टोरंटो।** कनाडा में रह रही भारतीय महिलाओं की मदद के लिए टोरंटो में भारत का वाणिज्य दूतावास ने एक अहम कदम उठाया है। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'वन स्टॉप सेंटर फॉर वूमन (ओएससीडब्ल्यू)' की स्थापना की है, जो खास तौर पर संकट में फंसी भारतीय पासपोर्ट धारक महिलाओं को सहायता देगा।

किन महिलाओं को मिलेगी मदद?

यह केंद्र उन महिलाओं की मदद करेगा जो घरेलू हिंसा, शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, पति की तरफ से छोड़े जाने, शोषण, कानूनी परेशानियों जैसी समस्याओं का सामना कर रही हैं।

दूतावास ने इसके साथ 24 घंटे, सात दिन काम करने वाली हेल्पलाइन भी शुरू की है, ताकि जरूरत पड़ने पर



तुरंत सहायता मिल सके।

**क्या-क्या सुविधाएं मिलेंगी?**

वन स्टॉप सेंटर के तहत महिलाओं को तुरंत काउंसलिंग (मानसिक व भावनात्मक सहायता), मनो-सामाजिक सहयोग, कानूनी सलाह और सहायता से जोड़ना, कनाडा में उपलब्ध सामाजिक और सामुदायिक सेवाओं तक पहुंच जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। भारतीय मिशन ने साफ किया है कि केंद्र की पूरी कार्यप्रणाली कनाडा के स्थानीय कानूनों के दायरे में रहकर ही की जाएगी।

**महिला अधिकारी करेंगी संचालन:** इस केंद्र को एक महिला सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर चलाएंगी, जो यह सुनिश्चित करेंगी कि पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और समग्र सहायता मिले। जरूरतमंद महिलाओं को दी जाने वाली वित्तीय सहायता 'मीन्स टेस्ट' (आर्थिक स्थिति के आधार) पर होगी और यह भारत सरकार के नियमों के अनुसार दी जाएगी।

**महिलाएं कहां कर सकेंगी संपर्क?**


**अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न भी उपलब्ध**

भारतीय मिशन की वेबसाइट पर एक अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न सेक्शन भी दिया गया है, जिसमें बताया गया है कि विदेश में रहने वाली भारतीय महिलाओं को धोखा, उत्पीड़न या छोड़े जाने की स्थिति में भारतीय अधिकारी किस तरह मदद कर सकते हैं और किन मामलों में उनकी सीमाएं क्या हैं।

# सीरिया के मस्जिद आतंकी हमले की यूएन प्रमुख ने की कड़ी निंदा, कहा- ऐसे हमले किसी हालत में स्वीकार्य नहीं

**जिनेवा।** सीरिया के होम्स शहर में नमाज के दौरान मस्जिद में हुए आतंकी विस्फोट में आठ लोगों की मौत और 18 घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हमले की कड़ी निंदा की और आम नागरिकों व इबादतगाहों पर हमलों को अस्वीकार्य बताया।

सीरिया में आम नागरिकों और इबादतगाहों को निशाना बनाए जाने की एक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मध्य सीरिया के होम्स शहर में शुक्रवार की नमाज के दौरान एक मस्जिद में हुए आतंकी विस्फोट में कई लोगों की जान चली गई और दर्जनों घायल हो गए। इस हमले की संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कड़ी निंदा की है और इसे पूरी तरह अस्वीकार्य बताया है। यह आतंकी हमला होम्स शहर की अली बिन अबी तालिब मस्जिद में





हुआ। नमाज के दौरान अचानक हुए विस्फोट से मस्जिद में अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस हमले में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए होम्स के करम अल-लूज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**संयुक्त राष्ट्र महासचिव का कड़ा बयान**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस हमले को लेकर कहा कि आम नागरिकों और पूजा स्थलों पर हमले किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। गुटेरेस ने कहा कि इस तरह की हिंसा मानवता और शांति के मूल्यों पर सीधा हमला है।

**मस्जिद में विस्फोट, सुरक्षा घेरे में इलाका**

सीरिया के गृह मंत्रालय के अनुसार, विस्फोट के तुरंत बाद आंतरिक सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और मस्जिद के आसपास सुरक्षा घेरा बना दिया गया। शुरूआती जांच में संकेत मिले हैं कि मस्जिद के अंदर विस्फोटक उपकरण लगाए गए थे। घटना के बाद पूरे वादी अल-दहाब इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**जांच शुरू, दोषियों की तलाश तेज:** संबंधित एजेंसियों ने इस आतंकी हमले की जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा सूत्रों का कहना है कि सबूत जुटाए जा रहे हैं और दोषियों की पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

## उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में पुलिस के साथ झड़प में 6 आतंकवादी मारे गए

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम छह आतंकवादी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। लक्की मारवत जिले में आतंकवादियों द्वारा स्नाइपर राइफलों और क्वाडकॉप्टर हमलों से पुलिस पर हमला करने के बाद गोलीबारी शुरू हो गई। बन्नू के क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि आतंकवादियों ने 'क्वाडकॉप्टर हमलों के जरिए ग्रामीणों के घरों को भी निशाना बनाय', जिसके परिणामस्वरूप 'नागरिक हताहत' हुए। पुलिस के बयान में कहा गया है, ₹स्नाइपर राइफलों और क्वाडकॉप्टरों से लैस आतंकवादियों ने बन्नू जिले की सीमा से लगे ग्रामीण इलाके में पुलिस पर हमला किया, जो सेराई नौरंग कस्बे के शहीद असमतुल्लाह खान खट्टक पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर स्थित है।

# थाईलैंड और कंबोडिया के बीच फिर युद्धविराम समझौता

**बैंकॉक।** थाईलैंड और कंबोडिया ने शनिवार को सीमा विवाद को लेकर कई हफ्तों से जारी संघर्ष को खत्म करने के लिए एक नया युद्धविराम समझौता किया। यह समझौता दोपहर 12 बजे (भारतीय समयानुसार) से लागू हो गया। इस समझौते के तहत दोनों देशों ने सैन्य गतिविधियों को रोकने और सैन्य उद्देश्यों के लिए हवाई क्षेत्र के उल्लंघन पर रोक लगाने पर सहमति जताई है।

कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, अब तक केवल थाईलैंड ने हवाई हमले किए थे और शनिवार सुबह तक कंबोडिया के कुछ ठिकानों को निशाना बनाया गया था।

समझौते में यह भी कहा गया कि अगर युद्धविराम 72 घंटे तक बना रहता है, तो थाईलैंड जुलाई में हुई झड़प के दौरान पकड़े गए 18 कंबोडियाई सैनिकों को वापस भेजेगा। इन सैनिकों की रिहाई कंबोडिया की एक बड़ी मांग रही है। समझौते पर हस्ताक्षर के कुछ



**हफ्तों तक चले खूनी संघर्ष के बाद थाईलैंड और कंबोडिया ने एक बार फिर युद्धविराम समझौता किया है। भारतीय समयानुसार आज दोपहर 12 बजे यह समझौता लागू हुआ।**

घंटों बाद ही थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने कंबोडिया के सामने विरोध जताया। थाईलैंड ने आरोप लगाया कि कंबोडियाई सेना की ओर से बिछाई गई एंटी-पर्सनल लैंड माइन पर पैर रखने से एक थाई सैनिक स्थायी रूप से विकलांग हो गया।

**सीमा पर रक्षा मंत्रियों ने किए हस्ताक्षर:** यह समझौता कंबोडिया के रक्षा मंत्री टी सैहा और थाईलैंड के रक्षा मंत्री नत्ताफोन नार्खफनिट ने सीमा चौकी पर किया। इससे पहले तीन दिनों तक दोनों देशों के निचले स्तर के सैन्य अधिकारियों के बीच बातचीत हुई थी।

समझौते में कहा गया है कि दोनों देश जुलाई में हुए पांच दिनों के संघर्ष के बाद हुए पहले संघर्षविराम और उससे जुड़े समझौतों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जुलाई का मलयेशिया की मध्यस्थता से संघर्षविराम हुआ था और इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका अहम रही थी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि अगर दोनों देश नहीं मानते तो उनकी व्यापारिक सुविधाएं रोक दी जाएंगी। बाद में अक्तूबर में मलयेशिया में हुई एक क्षेत्रीय बैठक में इसे औपचारिक रूप दिया गया था, जिसमें ट्रंप भी शामिल हुए थे।

**आम पर झड़पों का सबसे ज्यादा असर :** इन समझौतों के बावजूद दोनों देशों के बीच बयानबाजी चलती रही और सीमा पर छोटी झड़पें होती रहीं, जो दिसंबर की शुरूआत में युद्ध के रूप में बदल गईं।

थाई अधिकारियों के मुताबिक, सात दिसंबर के बाद से झड़प में थाईलैंड के 26 सैनिक और एक नागरिक की मौत हुई है। इसके अलावा, 44 आम नागरिकों की मौत की भी मौत हुई है। वहीं, कंबोडिया ने अपने सैनिकों के नुकसान का आधिकारिक आंकड़ा नहीं दिया है।

# बर्फबारी के कारण 1500 उड़ानें रद्द हवाई अड्डों पर फंसे यात्री; चेतावनी जारी

**बोस्टन।** अमेरिका के पूर्वोत्तर और ग्रेट लेक्स क्षेत्र में बर्फबारी के कारण क्रिसमस और नए साल के बीच यात्रा कर रहे हजारों लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। एक हजार से अधिक उड़ानें रद्द



कर दी गईं या देर से चलीं और यात्री सड़कों और हवाई अड्डों पर फंस गए।

न्यूयॉर्क शहर में शनिवार की सुबह तक करीब तीन इंच बर्फ गिर चुकी थी, जो कुछ पूवार्नुमानों की तुलना में आधी मात्रा थी। उड़ानों की निगरानी करने वाली सेवा फ्लाइटअवेयर के मुताबिक, शुक्रवार रात से शनिवार तक करीब 1,500 उड़ानें रद्द हो गईं।

न्यूयॉर्क लिबर्टी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, जॉन एफ. केनेडी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और ला गार्डिया हवाई अड्डा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बर्फबारी की चेतावनी दी। इन हवाई अड्डों ने कहा कि मौसम की स्थिति उड़ानों में बाधा डाल सकती है।

फ्लाइट अवेयर वेबसाइट के अनुसार शुक्रवार को दोपहर 1:00 बजे तक कम से कम 1,191 उड़ानें रद्द कर दी गईं और 3,974 उड़ानों में देरी हुई। सबसे बुरा असर न्यूयॉर्क के 3 प्रमुख एयरपोर्ट लागार्डिया, जेएफके और नेशार्क पर देखने को मिला, जहां सबसे ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। इसके अलावा बोस्टन और डेट्रायट के हवाई अड्डों पर भी यात्रियों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय मौसम सेवा (एनडब्ल्यूएस) ने ऊपरी ग्रेट लेक्स इलाके में बर्फबारी की भविष्यवाणी की है और तूफान का केंद्र उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा है।

न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका में छुट्टियों से लौट रहे यात्रियों के लिए सड़क की खतरनाक स्थिति को लेकर चेतावनी जारी की गई है। न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि शीतकालीन तूफान की चेतावनी जारी कर दी गई है और शहर के कर्मचारियों को सड़कों से बर्फ हटाने के लिए तैनात किया गया है।

# तारिक रहमान बांग्लादेशी मतदाता बने, चुनाव में ठोकेंगे ताल

**ढाका / नई दिल्ली।** बीएनपी नेता तारिक रहमान ने दोबारा बांग्लादेश के मतदाता के तौर पर अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। वे अपने पैतृक निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। इस मामले में पूर्व चुनाव आयोग अधिकारी एसएम असदुज्जमां के अनुसार, कानून किसी भी योग्य नागरिक को कभी भी वोटर लिस्ट में शामिल होने की अनुमति देता है।

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान ने 17 साल से अधिक समय के आत्मनिर्वासन के बाद शनिवार को बांग्लादेश की वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराया और राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) बनवाने की औपचारिकताएं पूरी कीं। वह हाल ही में लंदन से बांग्लादेश लौटे हैं, जहां वे सितंबर 2008 से रह रहे थे।

कड़ी सुरक्षा के बीच चुनाव आयोग कार्यालय पहुंचे

60 वर्षीय तारिक रहमान कड़ी सुरक्षा के बीच ढाका स्थित चुनाव आयोग (ईसी) कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने बायोमेट्रिक प्रक्रिया के तहत अपने फिंगरप्रिंट और आंखों की



आइरिस स्कैन करवाई। अधिकारियों के मुताबिक, उन्होंने पहले ही ऑनलाइन आवेदन भर दिया था। चुनाव आयोग के राष्ट्रीय पहचान पंजीकरण विंग के महानिदेशक एएसएम हुमायूं कबीर ने बताया कि तारिक रहमान को 24 घंटे के भीतर उनका एनआईडी कार्ड मिल जाएगा।

बीएनपी नेता की बेटी ने भी कराया पंजीकरण

तारिक रहमान की बेटी जाइमा ने भी इसी दिन अपना एनआईडी पंजीकरण पूरा किया।

इस दौरान चुनाव आयोग कार्यालय और आसपास के इलाकों में सेना, रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी), अंसार और पुलिस के जवान तैनात रहे। बता दें कि बांग्लादेश में 2008 में सैन्य समर्थित कार्यवाहक सरकार के दौरान फोटो और बायोमेट्रिक डाटा वाली नई वोटर लिस्ट लागू की गई थी। उस समय तारिक रहमान राजनीतिक कैदी थे और बाद में रिहा होकर लंदन चले गए थे। विदेश में रहने के कारण उनका नाम उस समय वोटर लिस्ट में शामिल नहीं हो पाया था। नई सूची लागू होने के बाद पुरानी वोटर लिस्ट रद्द कर दी गई थी।

### बांग्लादेश में 12 फरवरी से आम चुनाव

बांग्लादेश में 12 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। तारिक रहमान अपने पैतृक बोगुरा सदर (बोगुरा-6) सीट से चुनाव लड़ने वाले हैं। बीएनपी नेता पहले ही उनकी ओर से नामांकन पत्र ले चुके हैं। हालांकि, अवामी लीग ने इस पर सवाल उठाए हैं। अंतरिम सरकार द्वारा चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित अवामी लीग का कहना है कि चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद किसी नए मतदाता को शामिल करना कानूनन सही नहीं है। पार्टी ने यह भी पूछा है कि शनिवार को, जो सरकारी अवकाश होता है, यह प्रक्रिया कैसे पूरी की गई और इसके लिए किसके निर्देश थे।

# 5000 डॉक्टर-11000 इंजीनियर ने छोड़ा पाकिस्तान

## पाक के पूर्व सांसद के दावे से मुनीर की हो रही थू-थू

**इस्लामाबाद।** दुनियाभर में कटोरा लेकर घूम रहा पाकिस्तन इन दिनों अपने इतिहास के सबसे बड़े प्रतिभा पलायन (ब्रेन ड्रेन) के दौर से गुजर रहा है। देश की खराब आर्थिक हालत, राजनीतिक अस्थिरता और रोजगार की कमी के चलते बड़ी संख्या में पढ़े-लिखे और कुशल लोग देश छोड़ रहे हैं। पाकिस्तान के ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन एंड ओवरसीज एम्प्लॉयमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 24 महीनों में 5,000 डॉक्टर, 11,000 इंजीनियर और 13,000 अकाउंटेंट देश छोड़ चुके हैं। ये आंकड़े सामने आने के बाद सरकार और सेना नेतृत्व पर सवाल उठने लगे हैं।



ऐसे में ये कहना गलत नहीं होगा कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान की दुनियाभर में तो थू-थू हो ही रही है। अब खुद पाकिस्तान के लोग ही शहबाज सरकार और उनकी नीतियों पर खूब सवाल खड़े कर रहे हैं।एक तरफ जहां इन आकड़ों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूर्व पाकिस्तानी सांसद मुस्तफा नवाज खोखर ने शहबाज सरकार पर निशाना बनाया। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान के 'सो कॉल्ड' सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसीम मुनीर का एक पुराना बयान 'ब्रेन ड्रेन' नहीं 'ब्रेन ग्रेन' सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खूब चर्चा में है। इतना ही नहीं यूजर्स मुनीर के इस बयान को आधार बनाकर मुनीर की खूब खिल्लियां भी उड़ा रहे है।

**मुनीर के बयान पर बवाल क्यों?**

बता दें कि पाकिस्तान के ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन एंड ओवरसीज एम्प्लॉयमेंट की रिपोर्ट के बाद सामने आए आंकड़े ने पाकिस्तान में एक नया भूचाल ला दिया है। ऐसे में सोशल मीडिया पर सेना प्रमुख मुनीर की खूब थू-थू हो रही है। इसका कारण है कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर ने कुछ महीने पहले कहा था कि यह पलायन 'ब्रेन ड्रेन नहीं, बल्कि ब्रेन गेन' है। अब जब सरकारी आंकड़े सामने आए हैं, तो सोशल मीडिया पर उनकी जमकर आलोचना हो रही है।

पूर्व पाकिस्तानी सीनेटर मुस्तफा नवाज खोखर ने जताई चिंता

वहीं पाकिस्तान के पूर्व सांसद मुस्तफा नवाज खोखर ने सोशल मीडिया पर देश से हो रहे बड़े पैमाने पर प्रतिभा पलायन को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने लिखा कि पिछले 24 महीनों में पाकिस्तान से 5,000 डॉक्टर, 11,000 इंजीनियर और 13,000 अकाउंटेंट देश छोड़ चुके हैं।

खोखर ने बताया कि पाकिस्तान दुनिया का चौथा सबसे बड़ा फ्रीलांसिंग हब है, लेकिन बार-बार इंटरनेट बंद होने से देश को 1.62 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है और 23.7 लाख फ्रीलांस नौकरियां खतरे में हैं। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब तक राजनीति नहीं सुधरेगी, तब तक देश की अर्थव्यवस्था भी नहीं सुधर सकती।

## बीएनपी के तारिक रहमान अपने पिता की कब्र पर गए

**लंदन।** ब्रिटेन में स्वनिर्वासन से घर लौटने के एक दिन बाद बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान ने शुक्रवार को ढाका में अपने पिता और बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की कब्र पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

रहमान लाल और हरे रंग की बुलेटप्रूफ बस में जिया उद्यान पहुंचे और कब्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने पिता की आत्मा की शांति के लिए दुआ और प्रार्थना की।

बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) के 60 वर्षीय नेता 17 साल से अधिक समय बाद गुरुवार को देश लौटे। वे 2008 से लंदन में रह रहे थे। समाचार पोर्टल tbsnews.net के अनुसार, लगभग 19 वर्षों में यह पहली बार है, जब रहमान ने अपने पिता की कब्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। कहा गया है कि उन्होंने आखिरी बार ऐसा 1 सितंबर, 2006 को किया था, जब वे बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव के रूप में कार्यरत थे और पार्टी की स्थापना वर्षगांठ मना रहे थे।





# सपा जिलाध्यक्ष फैज़ल हुसैन का जन्मदिन मनाया समाजवादियों ने धूमधाम से




गाजियाबाद( करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैज़ल हुसैन एडवोकेट का जन्मदिन समाजवादी कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैज़ल हुसैन ने केक काटा और समाजवादियों ने उनकी लम्बी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैज़ल हुसैन ने अपने जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनायें देने वाले सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में हमेशा सामाजिक न्याय के लिए काम करना है आर हमेशा से राजनीति में सबसे वंचित वर्ग के कल्याण के लिए काम होना चाहिए।

# मुख्य सचिव जाम में फंसे ट्रैफिक इंस्पेक्टर को हटाया

**ट्रांस हिंडन।** राज्य के मुख्य सचिव के जाम में फंसने की घटना को प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए यातायात विभाग के निरीक्षक पर कार्रवाई की है। ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में प्रभारी निरीक्षक यातायात मनवीर सिंह को उनके पद से हटा दिया गया है। उनके स्थान पर संजीव चौहान को नया यातायात निरीक्षक नियुक्त किया गया है।

जानकारी के अनुसार मनवीर सिंह के पास टीआई-9 क्षेत्र का चार्ज था। बीते 22 दिसंबर को राजनगर एक्सटेंशन स्थित रोटरी गोल चक्कर के पास अचानक भीषण जाम लग गया, जिसमें राज्य के मुख्य सचिव भी फंस गए। यह इलाका मनवीर सिंह के कार्यक्षेत्र में आता है। घटना की सूचना मिलने के बाद जब उच्च अधिकारियों ने जाम के कारणों की जानकारी लेनी चाही तो यह सामने आया कि ड्यूटी पर तैनात होने के बावजूद मनवीर सिंह मौके पर करीब 15 मिनट की देरी से पहुंचे। इस देरी को कर्तव्य में गंभीर लापरवाही माना गया।

डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने बताया कि मामले की जांच के बाद मनवीर सिंह को टीआई-9 के चार्ज से हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यातायात व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, खासकर जब मामला वीआईपी मूवमेंट और आम जनता की सुविधा से जुड़ा हो।

# गाजियाबाद में ट्रेन से चोरी करने वाले दो गिरफ्तार
## लाखों का सामान बरामद, एक आरोपी फरार




**- आरोपियों से 4 लैपटॉप, 10 मोबाइल फोन, एक सोने की चेन और 8 हजार रुपए नकद बरामद**

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले एक शातिर चोर और चोरी का माल खरीदने-बेचने वाले उसके साथी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से लाखों रुपए का चोरी का सामान बरामद किया है। इस मामले में एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

जीआरपी और आरपीएफ की टीम स्टेशन पर लगातार चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर 5/6 पर दो युवक संदिग्ध अवस्था में दिखे। पुलिस ने उन्हें रोककर तलाशी ली तो उनके पास से कई लैपटॉप, मोबाइल फोन और अन्य कीमती सामान बरामद हुआ। पूछताछ में उनकी पहचान अलीगढ़ निवासी सलीम और दिल्ली निवासी साहिल के रूप में हुई।

जांच में खुलासा हुआ कि सलीम ट्रेनों में यात्रियों के बैग, मोबाइल और लैपटॉप चोरी करता था। वह चोरी का सामान साहिल को बेच देता था, जो उसे आगे बेचकर मुनाफा कमाता था। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी लंबे समय से इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। उनके खिलाफ पुलिस रिकॉर्ड में पहले से ही लगभग दो दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 4 लैपटॉप, 10 मोबाइल फोन, एक सोने की चेन और 8 हजार रुपए नकद जब्त किए हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी पेशेवर चोर हैं और यात्रियों की भीड़ का फायदा उठाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

डीसीपी जीआरपी गाजियाबाद सुदेश कुमार गुप्ता ने जानकारी दी कि आरोपी सलीम पहले भी गाजियाबाद में पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार हो चुका है। जून महीने में जेल से छूटने के बाद उसने दोबारा चोरी की वारदातें शुरू कर दी थीं। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि उनके एक साथी की तलाश तेज कर दी गई है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पुलिस ने पांच सौ के दो नकली नोट के साथ दो अभियुक्त पकड़े
## एक अभियुक्त को जेल भेजा



**लोनी, करंट क्राइम।** ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस ने पांच सौ के दो नोटो के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को पुलिस ने पांच दिन पूर्व नोटो के साथ पकड़ा था शराब के ठेके के सप्लायर ने नकली नोट की सूचना दी थी पुलिस मौके पर पहुचीं और उसे गिरफ्तार कर लिया लेकिन दो लोगों को पकड़ा था एक को छोड़ दिया तथा दूसरे को रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया क्या समझा जाए?

एसीपी सिधार्थ गौतम ने बताया कि अंजली विहार थाना अंकुर विहार निवासी सुनील के पास पांच सौ के दो नोट नकली पकडे गए सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और कार्रवाई कर शनिवार को जेल भेज दिया।


लेकिन सुनील की पत्नी ने बताया कि 23 दिसम्बर मंगलवार शाम छ बजे विनोद जो पडोस के रहने वाले हैं घर आया और सुनील को साथ लेकर गढी कटैया रामपार्क मार्ग पर शराब के ठेके पर ले गया जबकि सुनील पहले से ही शराब के नशे में था वहां कैसे सुनील के पास नकली नोट आए और किसने दिए ये पता नही लेकिन जानकारी लेने पर पता चला कि वो नकली नोट ठेके पर शराब लेने पहुंचे और सप्लायर को दिया सप्लायर ने नोट देखा तो वह नकली था उसने पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंची और विनोद व सुनील को पकड़ लिया तथा थाने ले जाकर हवालात मे डाल दिया। सुनील की पत्नी ने बताया कि मंगलवार से लेकर शनिवार तक हवालात में रखा और शनिवार को मुकदमा दर्ज कर जेल दिया लेकिन विनोद को शुक्रवार को थाने से ही छोड दिया सुनील की पत्नी का आरोप यह भी है कि दोनों साथ में थे और दोनों आरोपी है तो विनोद को क्यों छोड दिया इस प्रकरण में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहा हे कि क्या कारण है जो एक को जेल एक को रिहा कर दिया? लेकिन पुलिस ने जो रिपोर्ट दर्ज की है वो केवल सुनील के विरुध और मनगणंत कहानी बनाकर मुकदमें का रुख ही बदल दिया।

# खोड़ा: बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में निकाला कैंडल मार्च



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा स्थित ओम बिल्डर से इतवार बाजार न 9 तक बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचार के विरोध में शनिवार को कैंडल मार्च निकाला गया। यह कैंडल मार्च बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित नरसंहार, महिलाओं के साथ दुष्कर्म, हत्या एवं मानवाधिकार उल्लंघनों के विरोध में तथा मानवता और न्याय के समर्थन में आयोजित किया गया। मुख्य रूप से मुकेश शर्मा मुकेश गिरी योगेश भाटी नवनीत रंजीत जीतू राय रामदास ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्णतः अहिंसक, शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप है। कैंडल मार्च के माध्यम से समाज के सभी वर्गों से यह अपील की जा रही है कि वे पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करें और अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान इन गंभीर मानवीय मुद्दों की ओर आकृष्ट करें। कैंडल मार्च में शामिल होकर पीड़ित हिंदू भाइयों-बहनों के प्रति एकजुटता व्यक्त की गई। हिंसा के खिलाफ आवाज बुलंद कर भारत सरकार से हस्तक्षेप कर तत्काल हिंदुओं की रक्षा के लिए सभी कदम उठाए जाने की अपील की गई। इस अवसर पर राजेंद्र प्रधान इंद्र पंडित सिद्धार्थ नगर आदि दर्जनों लोग मौजूदरहे।

## बेवजह मुन्नी हुई मालामाल: शाहरुख ने अपनी बेगम के खाते में भेजे रुपये, पहुंच गए अशोक की पत्नी के अकाउंट में



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के वेव सिटी सेक्टर दो निवासी शाहरूख अख्तर पुत्र शमीम अख्तर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 2 जुलाई को उसने अपनी पत्नी के फोन नं पर 38 हजार 700 रुपये ट्रांसफर किए थे, मगर वे रुपये उसकी पत्नी के बैंक खाते में नहीं पहुंचे। जब उसने कस्टमर केयर से जानकारी की तो पता चला कि उसकी पत्नी का फोन नंबर किसी मुन्नी देवी पत्नी अशोक सिंह निवासी भगत सिंह कॉलोनी बल्लभगढ़ फरीदाबाद हरियाणा के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाते से जुड़ा हुआ है। साइबर फ्रॉड करके उसकी पत्नी के खाते में पैसे न पहुंचकर मुन्नी देवी के खाते में डेबिट हुए हैं। पीड़ित शाहरुख अख्तर ने पुलिस व साइबर सेल को तहरीर देकर मुन्नी देवी पत्नी अशोक सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है, जांच-पड़ताल के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में शांति पूर्ण प्रदर्शन





**- बंगाल में ममता सरकार बर्खास्त करके राष्ट्रपति शासन लगाने की भी मांग देश के प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति से की।**

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में शालीमार गार्डन वार्ड 78 में मशाल जलाकर शांति पूर्ण रूप से विरोध प्रदर्शन किया गया। इस शांतिपूर्ण मार्च को शालीमार गार्डन वार्ड 78 विस्तार प्रथम के शहीद स्थल से आरंभ करके शिव चौक होते हुए चंद्रशेखर पार्क में समापन किया गया। महामन्त्री पप्पू पहलवान ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और अपराधियों को जल्दी से जल्दी फांसी की सजा देने की मांग करते हैं। उन्होंने बंगाल में ममता सरकार बर्खास्त करके राष्ट्रपति शासन लगाने की भी मांग देश के प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति से की।

इस अवसर पर आरडब्लूए अध्यक्ष डी एन कौल, राष्ट्रीय व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र सक्सेना, वार्ड 80 के पार्षद राहुल शर्मा, श्याम शर्मा, भूषण संदीप पाल, लाल टिंग्लू, प्रमोद कुमार गौरव शर्मा, केशव सक्सेना, अभिषेक, अनिल फोतेदार, देवेंद्र दुबे, नीरज गुप्ता, अरविंद झा, राजन गुप्ता, राजेंद्र, धर्मेंद्र भदोरिया, अरविंद राणा अशोक भान, गुरदास पाल, राकेश तोमर, सुमन सती, अनीता राणा, प्रियंका सोलंकी, रूप मुखर्जी, निशा चौहान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गाजियाबाद में युवक पर पेचकस से हमला
## वारदात का वीडियो सामने आया, दो युवकों पर अटैक करने का आरोप




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद के साहिबाबाद थाना क्षेत्र में एक युवक पर बेखौफ बदमाशों द्वारा पेचकस से हमला करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह घटना अर्थला इलाके की है। हालांकि पुलिस का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

वायरल वीडियो में साफ दिखाई देता है कि सड़क किनारे खड़ा एक युवक अचानक दो हमलावरों के निशाने पर आ जाता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक युवक दौड़कर आता है और बिना किसी बहस के पीड़ित पर पेचकस से हमला करने लगता है। पीड़ित युवक खुद को बचाने की कोशिश करता है, लेकिन तभी दूसरा युवक भी वहां पहुँचकर उसका हाथ पकड़ लेता है।

दोनों हमलावर मिलकर युवक को काबू में कर लेते हैं और लगातार वार करते रहते हैं। इस दौरान पीड़ित खुद को छुड़ाने की पूरी कोशिश करता है, लेकिन हमलावरों की पकड़ मजबूत होने के कारण जमीन पर गिर जाता है। गिरने के बाद भी बदमाश उसे छोड़ते नहीं हैं और दोबारा उठाकर हमला करते हैं। हमले में युवक लहूलुहान हो जाता है, जबकि दोनों आरोपी मौके से फरार हो जाते हैं।

वीडियो सामने आने के बाद लोगों में डर और गुस्सा दोनों देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बदमाश बेखौफ होकर खुलेआम हमला कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बन रहा है।

एसएचओ साहिबाबाद योगेंद्र सिंह ने कहा कि फिलहाल पुलिस के पास इस घटना की कोई शिकायत नहीं आई है। जैसे ही पीड़ित या परिजन शिकायत दर्ज कराएंगे, पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी।

# गाजियाबाद में एक करोड़ के मुनाफे का लालच देकर युवक को फंसाया, क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के नाम पर ठगे 31 लाख




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** साइबर अपराधियों ने राजनगर एक्सटेंशन निवासी दीपक गुप्ता से क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के नाम पर 31.24 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित को करीब दो लाख रुपए के निवेश पर एक करोड़ का मुनाफा दिखाया।

जब उन्होंने रुपए निकालने चाहे तो उनसे 30 लाख रुपए टैक्स के रूप में मांगे गए। बड़ी धनराशि देख पीड़ित ने रुपए ट्रांसफर कर दिए लेकिन ठगों ने उन्हें रुपए नहीं निकालने दिए।

**शुरआत में रिटर्न भी मिला**

पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि बीते महीने ठगों ने उनसे संपर्क कर क्रिप्टोकरेंसी में निवेश पर मोटे रिटर्न का झांसा दिया। पीड़ित को शुरूआत में कुछ धनराशि रिटर्न भी की गई। करीब दो लाख रुपए निवेश के बाद उन्हें अपने आनलाइन ट्रेडिंग खाते में एक लाख अमेरिकी डालर दिखने लगे। उन्होंने कुछ धनराशि निकालनी चाही तो उनसे टैक्स के रूप में रुपए मांगे गए। पीड़ित ने जितनी धनराशि की ट्रेडिंग नहीं की उससे 10 गुना ज्यादा टैक्स के नाम पर ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गाजियाबाद में ट्राफिक पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर 500 ट्रैफिक मित्र करेंगे काम



**गाजियाबाद करंट क्राइमः** राजधानी दिल्ली से सटे गाजियाबाद में लगातार सड़कों पर बढ़ते ट्रैफिक के दबाव और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाम की स्थिति से निपटने के लिए ट्रैफिक पुलिस अब ट्रैफिक मित्र का सहारा लेगी। ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक नई पहल की शुरूआत की गई है, जिसके तहत ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर और सुचारू बनाने के लिए जिले में 500 ट्रैफिक मित्र बनाए जाएंगे। ट्रैफिक मित्र बनाने का उद्देश्य जन सहभागिता के माध्यम से ट्रैफिक प्रबंधन को और प्रभावी बनाना है। ट्रैफिक मित्र बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### ट्रैफिक पुलिस में चयन प्रक्रिया शुरू

फिलहाल, गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस में चयन प्रक्रिया शुरू कर दी है और पहले चरण के तहत 31 दिसंबर 2025 तक 500 ट्रैफिक मित्र का चयन पूर्ण किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात ट्रैफिक मित्रों को विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान ट्रैफिक मित्रों को ट्रैफिक नियम, सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त मेडिकल इमरजेंसी में किस तरह से प्राथमिक उपचार, एंबुलेंस सेवा से संपर्क और घायल व्यक्ति की मदद करनी है इस बारे में भी विस्तृत ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जाएगी।

भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अगर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है तो ट्रैफिक मित्र तुरंत ट्रैफिक पुलिस को सूचना उपलब्ध कराएंगे। इसके अलावा अवैध पार्किंग और अचानक किसी क्षेत्र में बढ़ रहे ट्रैफिक के दबाव के संबंध में भी ट्रैफिक मित्रों द्वारा ट्रैफिक पुलिस के साथ जानकारी साझा की जाएगी, ताकि जल्द से जल्द समन्वय स्थापित कर धरातल पर व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। जनवरी के दूसरे हफ्ते में ट्रैफिक मित्र धरातल पर नजर आएंगे।

डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन के मुताबिक, गाजियाबाद में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार कोशिश की जा रही है। ट्रैफिक मित्र ट्रैफिक पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर काम करेंगे और ट्रैफिक पुलिस की इस पहल से ट्रैफिक व्यवस्था काफी बेहतर होगी। पहले चरण में 500 ट्रैफिक मित्र बनाए जाएंगे और यदि आवश्यकता पड़ती है तो संख्या में इजाफा किया जाएगा।

### गाजियाबाद में ट्रैफिक मित्र से सुधरेगा ट्रैफिक व्यवस्था

मिली जानकारी के मुताबिक, ट्रैफिक मित्रों का चयन गाजियाबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों से किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस द्वारा ऐसे लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी जो सामाजिक रूप से सक्रिय रहते हैं और अपने क्षेत्र में स्थाई रूप से निवास करते हैं। स्थानीय निवासी होने के कारण ट्रैफिक मित्र अपने इलाके के प्रमुख चौराहों समेत भीड़भाड़ वाले स्थानों के संबंध में बेहतर जानकारी रखते हैं। जो आवश्यकता पड़ने पर ट्रैफिक पुलिस के साथ साझा करेंगे, ताकि ट्रैफिक की स्थिति को और बेहतर किया जा सके।